# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-14, अंक - 39 | कोरबा, शुक्रवार दिनांक 05 से 11 जनवरी 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00


**सुविचार**

अगर आप सही हो तो कुछ साबित करने की कोशिश न करो, बस सही बने रहो, गवाही खुद वक्त देगा...।



## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले रायपुर हुआ राममय

**विवेकानंद विद्यापीठ में जलेंगे 11 लाख दीये**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसे लेकर रायपुर में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिरों के अलावा मॉल भी राममय हो गए हैं। मैग्नेटो मॉल में राम सेतु का दृश्य तैयार किया गया है। साथ ही सोने से बनी लंका भी बनाई गई है। वहीं बीटीआई मैदान में आयोजित हो रहे गोंडवाना महोत्सव की भी थीम राम मंदिर पर रखी गई है।

22 जनवरी को रायपुर में कई आयोजन होंगे इसमें गुढ़ियारी कोटा स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के सामने 11 लाख दिए जलाए जाएंगे। साथ ही वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और पूजन का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

लांभाडी स्थित मैगनेटो मॉल में राम सेतु का दृश्य तैयार किया गया है, जिसमें भगवान श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ उनकी वानर सेना को दिखाया गया है।

**3000 दीयों से जगमग होगा मॉल**

लांभाडी स्थित मैग्नेटो मॉल में राम सेतु का दृश्य तैयार किया गया है, जिसमें भगवान श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान को दिखाया गया है। साथ ही इसमें राम सेतु बनाते वानर सेना दिखाई दे रही है। इसके अलावा सोने से बनी लंका को भी तैयार किया गया है। मॉल के अंदर पुष्पक विमान भी बनाया गया है जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

**राम मंदिर की तर्ज पर गोंडवाना महोत्सव का गेट**

रायपुर में 5 जनवरी से बीटीआई मैदान में आयोजित हो रहे गोंडवाना महोत्सव के मेन गेट को श्री राम मंदिर की थीम पर तैयार किया गया है। इसके साथ अंदर मेन स्टेज को राम दरबार थीम पर डेकोरेट किया गया है। 40 कलाकारों ने मिलकर 8 दिन में मंदिर और राम दरबार को डिजाइन किया है।

बंगाल के कारीगरों ने इसे बनाने के लिए बांस, भगवा कपड़ा ,लकड़ी और थर्माकोल का इस्तेमाल किया है। राम मंदिर थीम पर बनाए गए गेट की साइज 40 फीट और लम्बाई 100 फीट है। राम दरबार स्टेज की साइज 60 बाई 40 फीट है।

**11 लाख दिये जलाए जाएंगे**

22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गुढ़ियारी कोटा स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के सामने 11 लाख दिए जलाए जाएंगे। इसके साथ ही लेजर शो और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। वहीं 23 से 27 जनवरी को धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार लगेगा। यह आयोजन एक्स आर्मी फाउंडेशन और स्व पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से किया गया है।

## पखांजूर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**कांकेर ( एजेंसी )।**

कांकेर के पखांजूर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और बीजेपी नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। रविवार देर शाम करीब 8 बजे को अज्ञात लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। फायरिंग पखांजूर के पुराना बाजार में हुई। गोली लगने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि रविवार रात 8 बजे असीम राय रोजाना की तरह पखांजूर थाना से महज कुछ दूर पहले गढ़चिरौली मार्ग तिराहे से गुजर रहे थे। रविवार को छोटा बाजार होता है। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात हमलावार पल्सर बाइक से आए और फायरिंग कर दी।

## जिला अस्पताल के बाहर 9 माह के बच्चे की मौत

**नारायणपुर से किया रेफर, पर एंबुलेंस नहीं दी; शव लिए 9 घंटे बैठी रही मां**



**जगदलपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में शनिवार देर शाम 9 महीने के बच्चे की अस्पताल के गेट पर मौत हो गई। आरोप है कि बच्चे का उपचार नहीं किया और जगदलपुर रेफर किया, लेकिन एंबुलेंस देने से मना कर दिया। बच्चे का शव गोद में लिए मां करीब 9 घंटे बाहर ही बैठी रही। स्थानीय लोगों ने देखा तो तहसीलदार को सूचना दी। इसके बाद मौके पर एंबुलेंस बुलाई गई और शव को देर रात गांव भिजवाया गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे की मौत के लिए परिजनों को जिम्मेदार बताया है। जिले के अंदरूनी इलाके बाहकेर निवासी जयराम ने बताया कि, उसका बच्चा 3-4 दिनों से बीमार था। उसका छोटे डोंगर के अस्पताल में इलाज चल रहा था, लेकिन हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने शनिवार को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन वहां उपचार नहीं मिला।

# जम्मू-कश्मीर के राम मंदिर में कलश स्थापना:अयोध्या से भेजा गया था, मार्तंड सूर्य मंदिर परिसर में स्थित है

**अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के चुनिंदा राम मंदिरों में कलश भेजा गया है**

**श्रीनगर ( एजेंसी )।**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध मार्तंड सूर्य मंदिर के अंदर बने राम मंदिर में कलश की स्थापना की गई। ये कलश अयोध्या से भेजा गया था, जिसे रविवार को विधि-विधान और भजन-कीर्तन के साथ मंदिर में स्थापित किया गया।


कलश स्थापना उत्सव में शामिल होने के लिए न सिर्फ बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित बल्कि देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु आए थे। इस मौके पर एक खास पूजा का आयोजन किया गया और कलश को मंदिर के अंदर रखा गया। वहां मौजूद लोगों ने देश में शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की।

दरअसल, 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के चुनिंदा राम मंदिरों में यहां से कलश भेजा गया है। मार्तंड सूर्य मंदिर भी उनमें से एक है।

**अनंतनाग में 1700 साल पुराना मार्तंड मंदिर**

अनंतनाग में एक और मार्तंड मंदिर है, जो 1700 साल पुराना है, हालांकि इसके सिर्फ अवशेष बचे हैं। जिस तरह बाबर ने मंदिर तोड़कर मस्जिद बनवाई थी। उसी तरह 7वीं-8वीं शताब्दी में इसे भी मुगलों ने तोड़ दिया था। पहले ये मंदिर काफी समृद्ध और सूर्य उपासकों के लिए आस्था का केंद्र हुआ करता था।





अनंतनाग के 1700 साल पुराने मार्तंड मंदिर को बनाने के लिए चूने के पत्थर की चौकोर ईंटों का उपयोग किया गया है।

**मंदिर में 84 स्तंभ, चूने के पत्थर की चौकोर ईंटों का इस्तेमाल**

मार्तंड मंदिर कश्मीर के दक्षिणी भाग में अनंतनाग से पहलगाम के रास्ते में मार्तंड नामक स्थान पर है। इसमें 84 स्तंभ हैं जो नियमित अंतराल पर रखे गए हैं। इस मंदिर को बनाने के लिए चूने के पत्थर की चौकोर ईंटों का उपयोग किया गया है जो उस समय के कलाकारों की कुशलता को दर्शाता है। इस मंदिर की राजसी वास्तुकला इसे अलग बनाती है।

**30 साल बाद मार्तंड सूर्य मंदिर में हवन**

2022 में प्राचीन मार्तंड सूर्य मंदिर में सूर्य हवन किया गया था। इस पूजा में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, देश के विभिन्न शहरों से आए पुजारियों, स्थानीय लोगों और कश्मीर पंडितों ने भाग लिया था। सभी ने मिलकर घाटी में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इससे पहले 1990 में हवन और पूजा हुई थी।

**कैसे पहुंचें मार्तंड मंदिर**

ये मंदिर श्रीनगर से लगभग 70 किमी की दूर है। यहां से करीबी एयरपोर्ट श्रीनगर में और रेलवे स्टेशन अनंतनाग में है। देशभर के सभी बड़े शहरों से सीधी फ्लाइट्स मिल सकती है। अनंतनाग रेल मार्ग और सड़क मार्ग से सभी बड़े शहरों से जुड़ा है। यहां का मौसम सालभर अच्छा रहता है, इस वजह से मार्तंड मंदिर कभी भी पहुंच सकते हैं। जुलाई से अक्टूबर तक यहां की सुंदरता बढ़ जाती है।

जम्मू-कश्मीर के शारदा मंदिर में 2023 में 75 साल बाद दीपावली मनाई गई।

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन उपवास रखेंगे पीएम मोदी



अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन उपवास (व्रत) रखेंगे। वह सरयू नदी में स्नान भी कर सकते हैं। मुख्य यजमान के लिए व्रत रखना जरूरी है। पीएम मोदी ने राम मंदिर के भूमि पूजन के दौरान भी व्रत रखा था। बता दें, पीएम नवरात्रि में भी व्रत रखते हैं। राम मंदिर के 42 दरवाजों पर 100 किलो सोना लगेगा।

जम्मू कश्मीर के टीटवाल गांव स्थित शारदा मंदिर में आजादी के बाद पहली बार दीपावली मनाई गई। पूजा के लिए मंदिर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

**सहायक आयुक्त कार्यालय कोरबा में तात्कालिन सहायक आयुक्त द्वारा तीन करोड़ का बोगस भुगतान का मामला**

# रची गई साजिश और फाईल गायब!

**एडीएम प्रदीप साहू ने की जांच तेज: तीन आपूर्तिकर्ताओं से हो सकती है रिकव्हरी: बाबूओं पर गिर सकती है गाज**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

तात्कालीन कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में कोरबा में डीएमएफ में भारी भ्रष्टाचार कर अधिकारियों और नेताओं ने करोड़ों रूपए लूट डाले। डीएमएफ को लेकर केन्द्र सरकार ने सख्ती बरती और ईडी ने कई अधिकारियों और नेताओं को शिकंजे में लिया । कोरबा में डीएमएफ में बड़ा घोटाला सामने आया था और तात्कालीन कलेक्टर संजीव झा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में तात्कालीन सहायक आयुक्त माया वारियर पर दबाव डालकर कुछ कांग्रेस नेताओं एवं आपूर्तिकर्ताओं ने तीन करोड़ का बोगस भुगतान करा लिया। इस मामले में ईडी का शिकंजा माया वारियर पर भी कसा था और उनके भिलाई स्थित निवास पर छापा पड़ा था। श्रीमती माया वारियर तात्कालीन कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की करीबी होने के कारण ईडी ने श्रीमती वारियर के घर पर दस्तावेज खंगाले थे। इधर आदिवासी विकास विभाग ने पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में जमकर घोटाले हुए और करोड़ों के डीएमएफ की राशि का बंदरबाट किया गया। तात्कालीन कलेक्टर संजीव झा को इसकी शिकायत हुई और श्री झा ने पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की। जांच टीम का नेतृत्व एडीएम प्रदीप साहू को सौंपा गया। श्री साहू ने बताया कि जांच जारी है और ठेकेदारों को तलब कर पूछताछ की गई, यह कार्यवाही आगे जारी है। श्री साहू ने बताया कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से फाईल गायब मिली है। इस पर उन्होंने कहा कि जिन बाबूओं के पास फाईल की कस्टडी थी, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और तीन करोड़ का बोगस भूगतान सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ रिकव्हरी की कार्रवाई की जा सकती है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि तीन करोड़ के डीएमएफ ही राशि का बंदरबाट पिछले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुआ और जो तीन नामित ठेकेदार शामिल हैं, उनमें पूर्व कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर का करीबी और कटघोरा निवासी कांग्रेस नेता है। बताया जा रहा है कि श्रीमती माया वारियर पर दबाव बनाकर कांग्रेस नेता सहित तीन ठेकेदारों ने अपने नाम से चेक कटाकर उपकृत हुए थे। सूत्रों ने यह भी बताया है कि अवैध तरीके से इन नेताओं और ठेकेदारों को उपकृत करने के लिए जिले के ही एक बड़े नेता का हाथ बताया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार होने के कारण इस नेता ने जनता के करोड़ों रूपयों को अपने करीबी नेताओं को उपकृत करने के लिए यह अवैध तरीका अपनाया।

**पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर का एक करीबी भी शामिल**

आदिवासी विकास विभाग में तीन करोड़ के घोटाले में जो नाम सामने आ रहे हैं, उनमें प्रमुख रूप से कटघोरा निवासी एक कांग्रेस नेता भी है, जो पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर का करीबी माना जाता है। कांग्रेस की सरकार बदलने के बाद भाजपा की सरकार आ गई है और कोरबा एवं कटघोरा में भाजपा के विधायक जीत कर आये हैं। इधर लखनलाल देवांगन, मंत्री-छत्तीसगढ़ शासन ने भी कोरबा में हुए करोड़ों के डीएमएफ घोटाले की जांच करने की बात कही है और इस मामले में प्रशासन अपना काम करेगा, की बात श्री देवांगन ने कही है। कांग्रेस नेता के नेतृत्व में एक कटघोरा का एवं एक छूरीकला का ठेकेदार इस घपले में शामिल बताया जा रहा है। देखना है कि जांच कब तक पूरी होती है और फाईल मिलती है या नहीं।

**बाबूओं पर गिर सकती है गाज**

जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि फाईल गायब करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और जिन बाबूओं की कस्टडी में ये फाईलें थी, उनसे भी पूछताछ की जाएगी और दोषी पाये जाने पर बाबूओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आदिवासी विकास विभाग में फिर हड़कंप

डीएमएफ के तीन करोड़ की अनियमितता के मामले में जांच फिर तेज हो गई है और जांच फिर से प्रारंभ होने के बाद आदिवासी विकास विभाग में फिर से हड़कंप मच गया है और साजिश कर्ताओं के हाथ पैर फूल रहे हैं।

**कोरबा की स्वीकृत सड़कों के शीघ्र निर्माण हेतु निविदा जारी करने अरूण साव को जयसिंह अग्रवाल ने लिखा पत्र**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शासन द्वारा स्वीकृत विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के लिए शीघ्र निविदा जारी करने हेतु प्रदेश के उप मुख्य मंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को पत्र लिखा है। श्री साव को लिखे पत्र में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि कोरबा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे भारी वाहनों के दबाव से आम जनता को राहत पहुंचाने की दृष्टि से दर्री बरॉज से बरमपुर तक लगभग 8-5 किलोमीटर लम्बाई की कैनाल रोड को 2 लेन सी-सी-रोड निर्माण किए जाने के लिए उनके द्वारा एस-ई-सी-एल- प्रबंधन से 83 करोड़ राशि की स्वीकृति करवाई जा चुकी थी।

# 8 राज्यों में कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की घोषणा

**छत्तीसगढ़ में दीपक बैज एमपी में जीतू पटवारी, राजस्थान में डोटासरा को जिम्मा; वॉर रूम, प्रचार समिति भी बनाई**




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को 8 राज्यों में अपनी इलेक्शन कमेटी का गठन कर दिया है। इनमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, नगालैंड और मणिपुर शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने सेंट्रल वॉर रूम और प्रचार समिति का भी गठन किया है।

मध्य प्रदेश की इलेक्शन कमेटी की जिम्मेदारी जीतू पटवारी को सौंपी गई है। वहीं, राजस्थान में गोविंद सिंह डोटासरा पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उधर, तेलंगाना में चुनाव समिति के अध्यक्ष के लिए कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुना है।

सूत्रों के मुताबिक, ये कमेटी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में पार्टी की जमीनी हकीकत का आकलन करेंगी। पार्टी कहां मजबूत है और कहां पिछड़ रही है, इसकी पूरी रिपोर्ट सेंट्रल कमेटी को देगी। इसी आधार पर सीट शेयरिंग के लिए पार्टी अपना पक्ष रखेगी।

### प्रचार समिति की कमान अजय माकन को मिली

पार्टी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए सेंट्रल वॉर रूम की भी घोषणा की है। इसमें ऑर्गेनाइजेशनल वॉर रूम और कम्युनिकेशन वॉर रूम शामिल है।

ऑर्गेनाइजेशनल वॉर रूम में लोकसभा चुनाव के लिए जमीनी स्तर पर पार्टी के अहम फैसले और प्लानिंग का काम होगा।

इसके चेयरमैन शशिकांत सेंथिल होंगे, जबकि गोकुल बूतैल, नवीन शर्मा, वरुण संतोष और अरविंद कुमार को वाइस चेयरमैन बनाया गया है।

वहीं, कम्युनिकेशन वॉर रूम में पार्टी के नारे, सोशल मीडिया और प्रचार के समय मैसेजिंग को फाइनल करने जैसे अहम फैसले लिए जाएंगे। इसके चेयरमैन वैभव वालिया होंगे।

उधर, प्रचार समिति की कमान अजय माकन को दी गई है। इस समिति में केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी शामिल हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक जारी की।

### न्याय यात्रा का लोगो और टैग लाईन जारी

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक जारी की।

28 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया का संयोजक क्या नीतीश कुमार होंगे ? मीडिया के इस सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा- यह कौन बनेगा करोड़पति जैसा है। हालांकि, अगले 10-15 दिनों में गठबंधन के नेताओं की बैठक होगी। इसमें सभी पदों पर नियुक्ति फाइनल कर ली जाएगी।

**किस राज्य में किन्हें मिली जिम्मेदारी**

| राज्य | चुनाव समिति का अध्यक्ष | समिति में शामिल बड़े चेहरे |
|---|---|---|
| राजस्थान | गोविंद सिंह डोटासरा | अशोक गहलोत, सचिन पायलट, जितेंद्र सिंह |
| मध्य प्रदेश | जीतू पटवारी | दिग्विजय सिंह, कांतिलाल विवेक तन्खा, सुरेश पचौरी, भूरिया और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ |
| केरल | के. सुधाकर | एके एंटनी, केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला, शशि थरूर |
| तेलंगाना | मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी | बीवी मल्लू, उत्तम कुमार रेड्डी और वी हनुमंत राव |
| हिमाचल प्रदेश | प्रतिभा सिंह | CM सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और आनंद शर्मा |
| छत्तीसगढ़ | दीपक बैज | भूपेश बघेल, डॉ. चरण, दास महंत, टी.एस. सिंह देव ताम्रध्वज साहू |
| नगालैंड | एस एस जमीर | आशीष कुमार साहा |
| मणिपुर | के. मेघचंद्र सिंह | इबोबी सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री गइखंगम |

# कोरबा में पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर- एक नाबालिग की मौत, दूसरे की टूटी जांघ की हड्डी, वाहन चालक गिरफ्तार



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा के लेमरू थाना अंतर्गत वनांचल ग्राम लाम पहाड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक लेमरू थाना अंतर्गत ग्राम लाम पहाड़ निवासी घुरसाय कुजुर का बेटा सुमित कुजुर (16 साल) शनिवार की दोपहर बाइक से घूमने निकला था। वह अपने 15 साल के दोस्त सुरेंद्र कुजुर के साथ लेमरू की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव से थोड़ी ही दूर मोड़ में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप से सुमित के बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।

**हादसे में एक नाबालिग की मौत**

हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़ फरार हो गया था। इस बीच पिता घुरसाय कुजुर और राम कुजुर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया, जहां से हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने सुमित कुजूर को मृत घोषित कर दिया।

**बेटे के घायल होने के बाद मिली हादसे की जानकारी**

हादसे में घायल सुरेंद्र कुजुर का इलाज जारी है। सुरेंद्र के जांघ की हड्डी टूट गई है। उसके पिता का कहना है कि सुरेंद्र दोपहर करीब 12 बजे बकरी चराने गया था। वह सुमित के साथ कहां जा रहा था इसकी जानकारी नहीं थी। उन्हें मौके पर पहुंचने के बाद उसके सड़क हादसे में घायल होने की जानकारी मिली।

जिला अस्पताल थाना प्रभारी दाऊद खुजुर ने बताया कि मेमो के आधार पर घायल का बयान लेने गए, लेकिन नाबालिग की हालात गंभीर होने के कारण वह बयान नहीं दे पाया। परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। इस हादसे में एक की मौत और दूसरा घायल है। पिकअप को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नटराज केमिकल फैक्ट्री में हादसा: काम करते समय अनियंत्रित होकर ऊंचाई से नीचे गिरा मजदूर, इलाज के दौरान मौत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा के इंडस्ट्रीयल एरिया में संचालित नटराज केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में गंभीर रूप से एक मजदूर घायल हो गया, जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।





मृतक का नाम गोपाल प्रसाद रात्रे है। मजदूर बिलाईगढ़ छुईहापारा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि गोपाल प्रसाद ऊंचाई में काम कर रहा था, इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ा। ऊंचाई से गिरने पर उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज शुरू होने के कुछ समय बाद ही उसने दम तोड़ दिया।

**घर में इकलौता कमाने वाला था मृतक मजदूर**

जानकारी के मुतबिक गोपाल प्रसाद रात्रे की मौत होने से उसके चार बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मृतक मजदूर गोपाल प्रसाद घर में इकलौता कमाने वाला था। वह कोरबा में किराए के मकान में रहकर नटराज केमिकल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। घटना के बाद से मृतक की पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

**लोगों के बयान हुए दर्ज**

इस पूरे मामले में जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद खुजुर ने बताया कि जिला मेडिकल कॉलेज से मिले मेमू के आधार पर मृतक के परिजनों और घटना स्थल पर मौजूद लोगों का बयान दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है।

# कोरबा में प्रेमी के घर पर युवती ने लगाई फांसी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी के कुंज नगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पोखरीपारा इमलीडुग्गु में प्रेमी के घर पर उसने फांसी लगा ली। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि मामला सुसाइड का नहीं बल्कि हत्या का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, कुंजनगर में रहने वाले नरेश यादव की 20 साल की बेटी नेहा यादव ने पोखरीपारा में प्रेमी निखिल यादव के घर पर फांसी लगा ली। पिता नरेश यादव ने बताया कि शुक्रवार 5 जनवरी की दोपहर 3 बजे नेहा घर से घूमने जाने के लिए निकली थी जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। इसके बाद शनिवार देर शाम परिजनों को निखिल के घर में नेहा के फांसी लगाने की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि फांसी लगाने के बाद निखिल के परिजन तत्काल नेहा को अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद नेहा के परिजनों को इसकी जानकारी दी गई।

# जांजगीर-चांपा में युवक ने लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पिसौद में घर के अंदर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी किस कारण से की है, अभी तक पता नहीं चल सका है। युवक के पास से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। परिजनों ने बताया कि छबि लाल शराब पीने का आदी था। शनिवार की रात करीबन 9 बजे छबि लाल की मां ने खाना खाने को बोला, लेकिन उसने खाना खाने के लिए मना कर दिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा बंद कर सोने चला गया। वहीं मृतक की पत्नी अपने दीदी के घर गई हुई थी। सुबह जब मृतक की मां ने दरवाजा खोलने को बोला, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद घर के बाहर जाकर खिड़की से देखा। देखने पर पता चला की छबि लाल ने फांसी लगा ली है।

## कार सवारों ने की चोरी, पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा

**जांजगीर चांपा।** जिले में चोरों ने माजदा वाहन में रखे किराना दुकान के सामानों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के सामान को बरामद किया है। पूरा मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। उप निरीक्षक बीएल कोसरिया से मिली जानकारी अनुसार ग्राम तरौद निवासी पवन अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 28 जुलाई और 31 दिसंबर 2023 को माजदा वाहन में लोडकर किराना दुकान का सामान डिलीवरी करने के लिए रखा था, जिसे अज्ञात लोगों ने चुरा लिया।

इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की। आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की खोजबीन की गई, जिसमें सामानों से भरे माजदा वाहन से चोरी करते नजर आ रहे थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली की टाकेश्वर, मनोज, पुस्पेंद्र, जाकिर और रविंद्र संदिग्ध है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

## लघु चल चित्रों के माध्यम से शिविर के उद्देश्य की दी जा रही जानकारी

### योजनाओं का लाभ लेने हेतु किया जा रहा प्रेरित



**कोरबा / कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को विकासखंड कटघोरा के ग्राम नावगांवकला व लोतलोतामें, जनपद पंचायत करतला के घाठाद्वारी व जर्वे में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम केराकछार, मौहार दरगा, व बुदेली में, पोड़ी उपरोड़ा जनपद के झिनपुरी, व बुढ़ापारा, कुरथा में तथा विकासखंड पाली के ग्राम  परसदा, बापापूती व शिवपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# हसदेव को बचाने कांग्रेस एक जुट- ज्योत्सना

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

दो दिवसीय कोरबा प्रवास पर पहुंची सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा है कि हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए कांग्रेस एकजुट है। हसदेव अरण्य के जंगल में कोयला खनन के लिए काटे जा रहे पेड़ों के विरोध में ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान को एक निजी कंपनी को आबंटित की है। कंपनी कोयला खनन के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों को काट रही है। ये सभी पेड़ कई वर्षों पुराने हैं। पेड़ों की कटाई से क्षेत्र के लोगों पर गंभीर असर पड़ेगा, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान होगा। हाथियों के प्रजनन के लिए सुरक्षित क्षेत्र को नुकसान पहुंचेगा व हसदेव बांगो बांध सहित नदी को भी भारी क्षति पहुंचेगी। सांसद ज्योत्सना महंत संसदीय क्षेत्र के दो दिनों तक दौरे में रहेंगी!



बालको प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के एकतरफा निलंबन के खिलाफ कर्मचारियों के शांतिपूर्ण आंदोलन को लाठी चार्ज करके बलपूर्वक कुचले जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रशासन बर्बरता पर उतर आया है। अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा बन चुकी है। किसी भी तरह की जायज मांग, सलाह, सुझाव या चर्चा की कोई गुंजाइश भाजपा शासन काल में नहीं रह गई है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि बालको प्रशासन कर्मचारियों की वेतन विसंगति और नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को अविलंब पूरा करें। शांतिपूर्ण तरीके से टूल डाउन करके प्रदर्शन कर रहे बालको कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवा रही है। कर्मचारियों की जायज मांग को कुचल रही है। भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों में मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार शुरू हो गया है।

## शैक्षिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए न्यूज पेपर डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देश



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, आवासीय व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन करते हुए बालिकाओं से बातचीत कर उनकी रूचियों, जरूरतों, शिक्षा व्यवस्था एवं आवासीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।  कलेक्टर अजीत वसंत ने 10वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं से बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अधीक्षिका को कमजोर छात्राओ के लिए सम्बन्धित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा। उन्होंने न्यूज पेपरडेस्क की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने पोड़ी उपरोड़ा के विभिन्न शासकीय संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**कोरबा / कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने रविवार को जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थानों एकलव्य विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा सरोज महिलांगे, जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर व संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अजीत वसंत ने पोड़ी उपरोड़ा में आदिम जाति विभाग के अंतर्गत् संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास परिसर में बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियॉ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने




छात्रावास परिसर, कमरों, मिनी लाइब्रेरी किचन व शौचालय की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से छात्रावास की दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा का ज्ञान रखने एवं घरों में बातचीत के लिए मातृभाषा का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने निर्धारित मेनू अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हॉस्टल में दर्ज बच्चों की संख्या व रिक्त सीटों की जानकारी लेकर बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने  के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विद्यालय के नए भवन निर्माण की क्रियान्वयन प्रकिया को तेजी से आगे बढ़ाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही छात्रावास परिसर में अस्थायी रूप से किचन शेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मिनी लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने बच्चों के लिए पुस्तकालय में नोट बुक के अतिरिक्त महापुरूषों की आत्मकथा एवं जीवनी पर आधारित प्रेरक व अच्छी पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए कहा।

**सीएचसी में स्वास्थ्य अधिकारियों को मरीजों की सुविधाओं का ख्याल रखने के दिए निर्देश**

कलेक्टर अजीत वसंत ने विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्षए गहन शिशु चिकित्सा इकाई, पीएनसी कक्ष सहित पूरे केंद्र का अवलोकन किया। कलेक्टर ने केंद्र में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए।

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 05 से 11 जनवरी 2024


**सुविचार**


मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े...।
अटल बिहारी बाजपेयी



## सुलतानपुर संघ के बाल वीरों का निकला पथ संचलन, हुई पुष्प वर्षा

**सुलतानपुर ( एजेंसी )।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुलतानपुर नगर के बाल स्वयंसेवकों का दो दिवसीय बाल शिविर के समापन पर रविवार को बाल स्वयंसेवकों का नगर में पथ संलचन निकाला गया। इससे नगर की प्रमुख मार्ग भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। सुलतानपुर नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विवेकानन्दनगर में 6 व 7 जनवरी 2024 को दो दिवसीय बाल शिविर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रविवार को शिविर समापन के पहले बाल स्वयंसेवकों का नगर में पथ संचलन निकाला गया। जो शास्त्रीनगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर परिसर से प्रारम्भ होकर दरियापुर, पंचरास्ता, अग्रसेन चैराहा, गया प्रसाद मिष्ठान भण्डार, पोस्ट ऑफिस चैराहा, तिकोनिया पार्क, पंचमुखी हनुमान मंदिर होते हुए पुनः विद्या मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुआ। इस पथ संचलन में छोटे-छोटे बच्चों के अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उत्साह की भावना देख लोग अभिभूत हो उठे, लोगों ने उन पर फूल बरसाये।



**फैशन वीक से लेकर NMACC तक दीपिका के आउटफिट्स पर टिकी सबकी नजर**

## सूर्या-पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर-गायकवाड भी नहीं खेलेंगे, 11 को मोहाली में पहला मुकाबला

**मुंबई ( एजेंसी )।**

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी बाइलेटरल सीरीज खेलने जा रही भारतीय टीम के तीन बड़े खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड 3 मैचों की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के खेलने में असमंजस है। इन दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच के बाद से कोई टी-20 नहीं खेला है।

**एक दिन पहले हुआ अफगानिस्तानी टीम का ऐलान**

अफगानी बोर्ड ने इस सीरीज के लिए शनिवार को अपनी टीम का ऐलान किया था। बोर्ड ने 3 टी-20 की सीरीज के लिए 19 प्लेयर्स चुने हैं। टीम की कमान ओपनर इब्राहिम जादरान को सौंपी गई है। जबकि राशिद खान और मुजीब उर रहमान की वापसी हुई है।

## मोदी बिहार से लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज करेंगे-चंपारण के बेतिया में 13 जनवरी को पहली रैली करेंगे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत बिहार से कर सकते हैं। न्यूज एजेंसी ANI ने भाजपा सूत्रों के हवाले से बताया कि 13 जनवरी को पीएम चंपारण के बेतिया में रैली करेंगे। वे रमन मैदान में एक जनसभा भी करेंगे। इसी दिन वे झारखंड के धनबाद भी जा सकते हैं।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि 13 जनवरी को बेतिया में पीएम मोदी बिहार के विभिन्न सड़कों और केंद्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर सकते हैं। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बार होगा, जब भाजपा अपने सबसे पुराने सहयोगी जदयू के बिना चुनावी मैदान में उतरेगी। 15 जनवरी यानी मकर संक्रांति के बाद भाजपा राज्य में कई जनसभाएं और रैलियां करेगी।

# मालदीव की सुरक्षा के लिए भारत महत्वपूर्ण

## पीएम मोदी के लिए अपने ही देश के मंत्रियों से भिड़े पूर्व राष्ट्रपति

**माले ( एजेंसी )।**

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मालदीव के मंत्री द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सरकार को टिप्पणियों से दूर रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि में महत्वपूर्ण है और मुइज्जू से नई दिल्ली को आश्वासन देने के लिए कहा कि टिप्पणियां सरकार की नीति को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।

नशीद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मालदीव सरकार की अधिकारी मरियम शिउना ने एक प्रमुख सहयोगी के नेता के प्रति कितनी घटिया भाषा का इस्तेमाल किया है, वो नेता जो मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अहमियत रखता है। मोहम्मद मुइज्जू सरकार को इन टिप्पणियों से खुद को दूर रखना चाहिए और भारत को स्पष्ट आश्वासन देना चाहिए कि उनके बयान सरकार की नीति को नहीं दर्शाते हैं। मालदीव की युवा अधिकारिता उप मंत्री मरियम शिउना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद उनका बयान सामने आया है। शिउना की पोस्ट - जिसे अब हटा दिया गया है, उसमें पीएम मोदी की हाल की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरें थीं।

**लक्षद्वीप को आपकी सूची में होना चाहिए- मोदी**

पीएम मोदी ने 2 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप का दौरा किया और



स्नॉर्कलिंग में हाथ आजमाने के बाद एक रोमांचक अनुभव सहित कई तस्वीरें साझा कीं। पीएम मोदी ने एक्स पर सफेद समुद्र तटों और प्राचीन नीले आसमान और समुद्र की तस्वीरें साझा कीं और उन्हें एक संदेश के साथ टैग किया। जिसमें लिखा था, मुझे लक्षद्वीप के लोगों के बीच रहने का अवसर मिला। मैं अभी भी इस द्वीपों की आश्चर्यजनक सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। यहां कुछ झलकियां दी गई हैं, जिनमें लक्षद्वीप की हवाई झलकियां भी शामिल हैं... अपने प्रवास के दौरान, मैंने स्नॉर्कलिंग का भी प्रयास किया - यह कितना आनंददायक अनुभव था! उन लोगों के लिए जो उनमें साहसी को अपनाना चाहते हैं, लक्षद्वीप को आपकी सूची में होना चाहिए। पीएम मोदी ने मंगलवार को अगत्ती में 1,150 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

**भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्जू पार्टी का मकसद**

इस बीच, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 7-12 जनवरी तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। तुर्की की यात्रा के बाद पदभार संभालने के बाद यह उनकी दूसरी विदेश यात्रा है। विशेष रूप से, वह पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत न आकर एक लंबे सम्मेलन से विदा हो गए। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में मालदीव ने कहा था कि वह भारत के साथ किए गए हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को नवीनीकृत नहीं करेगा। मालदीव में भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्जू की पार्टी का मुख्य अभियान था। वर्तमान में, मालदीव में डोर्नियर 228 समुद्री गश्ती विमान और दो एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टरों के साथ लगभग 70 भारतीय सैनिक तैनात हैं।

### मालदीव के 3 मंत्री सस्पेंड

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली महिला मंत्री मरियम शिउना को कैबिनेट से सस्पेंड कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शिउना के अलावा दो नेताओं माल्शा और हसन जिहान को भी सस्पेंड किया गया है। इस एक्शन के कुछ देर पहले मालदीव सरकार ने बयान जारी कर इस मामले पर सफाई दी थी। इसमें कहा गया था कि संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, इन नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

मालदीव की सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव की मंत्री मरियम शिउना माल्शा, हसन जिहान और नेता जाहिद रमीज ने पीएम मोदी समेत भारतीयों का मजाक उड़ाया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर #BoycottMaldives ट्रेंड होने लगा।

## मुकेश अंबानी फिर बने एशिया के सबसे अमीर इंसान, 24 घंटे के अंदर गौतम अडानी से छिन गया ताज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



मुकेश अंबानी एक बार फिर सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स 2023 के मुताबिक, मुकेश अंबानी ने गौतम अडानी को पछाड़कर सबसे अमीर भारतीय का खिताब फिर से हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी की नेटवर्थ 536 मिलियन डॉलर या करीब 4500 करोड़ रुपए बढ़ी है और इसके साथ ही ये बढ़कर 97.5 अरब डॉलर हो गई है। दौलत के इस आंकड़े के साथ ही वे दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में एक पायदान ऊपर चढ़कर अब 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही एशिया के सबसे अमीर इंसान का ताज भी उनके सिर सज गया है।

**24 घंटे के अंदर छिन गया ताज**

बता दें कि, बीते शनिवार को शेयरों में आए उछाल से बढ़ी नेटवर्थ के चलते अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए थे, लेकिन बीते 24 घंटों में उन्हें जो नुकसान हुआ है, उसके बाद यह ताज एक बार फिर मुकेश अंबानी के सिर सज गया है।


**घाटे के बाद दो पायदान नीचे आए अडानी**

अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से गौतम अडानी के शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी मिल रही थी। शनिवार को उनकी नेटवर्थ बढ़कर 97.6 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी। लेकिन रविवार को न्यूज लिखे जाने तक उन्हें 3.09 अरब डॉलर (करीब 25000 करोड़ रुपये) का घाटा हुआ और वह अमीरों की लिस्ट से दो पायदान नीचे आ गए हैं। दोनों भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में फासले पर गौर करें तो इनकी नेटवर्थ में 3 अरब डॉलर का फासला है।

**एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर इंसान**



ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर इंसान बने हुए हैं। उनकी नेटवर्थ 219 अरब डॉलर है। अमेजन के जेफ बेजोस अमीरो की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं और उनकी संपत्ति 170 अरब डॉलर है। फ्रांसीसी अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया के तीसरे अमीर इंसान हैं और उनकी संपत्ति 167 अरब डॉलर है।



**साड़ी में क्यूट दिखी अंकिता लोखंडे**

# संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे पांच सांसद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन सांसदों को 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

**5 साल में एक बार मिलता है पुरस्कार**

संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए



जाते हैं। चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी धर्मार्थ न्यास 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के कहने पर इस सम्मान की शुरुआत की थी, जिन्होंने 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था।

'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष के. श्रीनिवासन ने कहा कि ये पुरस्कार व्यापक प्रदर्शन पर आधारित हैं, जिसके लिए नामांकित व्यक्तियों का चयन कानून मंत्री और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित निर्णायक समिति ने किया। कामकाज के प्रदर्शन के आंकड़े लोकसभा और राज्यसभा की वेबसाइट तथा पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च से प्राप्त किया गया है। यह भारत में प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित करने के लिए किसी सामाजिक संगठन द्वारा दिया जाने वाला एकमात्र पुरस्कार है।

**इन सांसदों को किया जाएगा सम्मानित**

संसद रत्न पुरस्कार समिति की अध्यक्ष और प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की न्यासी सचिव प्रियदर्शनी राहुल ने कहा कि एन. के. प्रेमचंद्रन (आरएसपी, केरल), अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस, पश्चिम बंगाल), विद्युत बरन महतो (भाजपा, झारखंड) और हीना विजयकुमार गावित (भाजपा, महाराष्ट्र) को 17वीं लोकसभा के लिए संसद महारत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया, ''पिछली 16वीं लोकसभा के संसद महारत्न पुरस्कार विजेताओं- सुप्रिया सुले (राकांपा, महाराष्ट्र), श्रीरंग अप्पा बर्णे (शिवसेना, महाराष्ट्र) और भर्तृहरि महताब (बीजू जनता दल, ओडिशा) के निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को मान्यता देते हुए जूरी समिति ने उन्हें 17वीं लोकसभा में भी उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया है और इन तीनों सांसदों को संसद उत्कृष्ट मान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी पुरस्कार विजेताओं का चयन उनके सदन में चर्चा शुरू करने, गैर-सरकारी विधेयक लाने और निचले सदन में उनके द्वारा उठाए गए सवालों के आधार पर जूरी समिति द्वारा पारदर्शी तरीके से किया गया है। संसदीय समितियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्तमान 17वीं लोकसभा से संसद महारत्न पुरस्कारों के लिए तीन स्थायी समितियों का भी चयन किया गया है।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की 65 साल में होगी सेवानिवृत्ति

## धन सिंह रावत ने किया ऐलान

**देहरादुन ( एजेंसी )।**



उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एलान किया कि राज्य में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत, विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी को देखते हुए, सरकार ने उनकी सेवानिवृत्ति की अधिवर्षता आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इन चिकित्सकों का पृथक कैडर भी बनेगा जिसका प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाया जाएगा।

डॉ. रावत की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में विभाग के अंतर्गत, प्रदेशभर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए उनका पृथक कैडर बनाए जाने, वेतन वृद्धि एवं सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विभागीय अधिकारी एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करेंगे, जिसे आगामी कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके साथ ही विभाग में चिकित्सकों के रिक्त पदों के सापेक्ष नियत वेतनमान पर चिकित्सकों की तैनाती करने व पीजी कोर्स करने गए एमबीबीएस डॉक्टर्स के विकल्प के रूप में कुछ अस्थाई पदों की स्वीकृत का भी निर्णय लिया गया। इनका प्रस्ताव भी कैबिनेट में रखा जाएगा। डॉ. रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत, तकनीकी संवर्ग के कुल 1300 पद रिक्त हैं, जिनके सापेक्ष विभाग को केवल 250 पद भरने की ही स्वीकृति कैबिनेट द्वारा पूर्व में दी गई थी। जबकि विभाग को पूरे प्रदेश में सभी 1300 पदों पर तकनीशियनों की आवश्यकता है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को सभी पदों को पुनर्जीवित करने तथा भरने की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट में लाने के निर्देश दिये गए हैं, ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप जिला चिकित्सालयों व जिला चिकित्सालयों में तकनीशियनों की कमी को दूर किया जा सके।

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति, इतनी सीटों पर जनवरी के अंत तक उतार सकती है उम्मीदवार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय जनता पार्टी जनवरी में ही 160 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि परंपरागत रूप से जिन सीटों पर भाजपा कमजोर है। उन सीटों पर जनवरी के अंत तक उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है। इनमें ज्यादातर राज्य दक्षिण और पूर्वी राज्य हैं। बीजेपी जहां अपने उम्मीदवारों पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा और तमिलनाडु, बिहार में है।

बता दें कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की यह रणनीति काफी सफल रही थी। तीनों राज्यों के चुनावों में भाजपा ने कमजोर सीटों पर तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया था। इससे उम्मीदवारों को क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने का पूरा मौका मिला। इसके अलावा पार्टी के अंदर की अंर्तकलह को भी कम करने में मदद



मिली थी।

बता दें कि इस साल अप्रैल-मई में देश में लोकसभा चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने की कोशिशों में जुटी है। वहीं, विपक्ष ने भाजपा और नरेंद्र मोदी के अजेय रथ को रोकने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलांयस बनाया है। इसमें कांग्रेस समेत देश की करीब 26 दलों का समावेश है।

## सुविचार

**देश का इतिहास काली मानसिकता से लिख कर गढ़ने वाले बच्चों की मानसिकता फिर से बदलनी होगी और नया इतिहास समझाना होगा, यह चुनौति जरूर है, लेकिन इतिहास बदलेगा, देश का सौभाग्य लौटेगा।**

# भारत का सम्मान फिर से लौट रहा

## सरोकार

## देश की सत्ता और शिक्षा

कुर्सी के मोह ने देश के इतिहास का कचुमर निकाल दिया और देश को चलाने वाले लोगों ने हमें जो इतिहास परोसा, उसे हमने स्कूलों में पढ़ा और उसी इतिहास के हम आज भी गुलाम बने हुए हैं। सत्ता के मोह में आकर शासकों ने हमारे इतिहास को काले पन्नों से जोड़ दिया और हम असली इतिहास से महरूम हो गए। कुर्सी न छूट जाए इसलिए देश के सत्ताधारी और इतिहासकारों ने देश के आतताईयों को महिमा मंडित कर दिया और मां भारती के सच्चे सपूतों को आततायी बता दिया। यह देश का दुर्भाग्य है कि हम जिस इतिहास को पढ़कर बड़े हुए, वह काला इतिहास आज भी हमारे मन मस्तिष्क में विद्यमान है और सत्ता के दबाव में आकर इतिहासकारों ने हमें गलत इतिहास परोसकर हमें ही गुलामी से आज भी जकड़कर रखने के लिए मजबूर किया। आतताईयों ने हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को तारतार कर दिया और देश के गुलाम इतिहासकारों ने इन्हें महिमा मंडित कर दिया। हमारी प्राचीन विरासत को छिन्न - भिन्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कुछ इतिहासकारों ने तो ईश्वर की सत्ता को ही कोरी कल्पना बता कर अध्यात्म को चुनौति दे डाली और हमारे पाठ्य पुस्तकों में भी ईश्वर को काल्पनिक बताया गया। सनातनी इतिहास को सिर्फ कहानी बताया गया। मां भारती के सपूतों को महिमा मंडित करने के बजाय गुलाम इतिहासकारों ने देश को गुलाम करने वाले लोगों को महिमा मंडित किया गया। देश पर आक्रमण करने वाले लोगों को शूरवीर बताया गया और हमारे देश के सपूतों को भगौड़ा घोषित किया गया। यह हमारे देश के उन कर्णधारों का काम है, जिनसे कुर्सी का मोह छूट नहीं रहा था। कुर्सी के मोह में इतिहास लिखने पर भी तुष्टिकरण अपनाया गया और धर्म विशेष के लोग कटने से वे डर गए, जिसके कारण हमारे देश का जो इतिहास हमें परोसा गया वह भारत के वैभव के लिए काले पन्ने साबित हुए। आज फिर से भारत का गौरव लिखा जा रहा है और देश बदल रहा है। आतताईयों के नाम से शिलालेख मिट रहे हैं और देश के सपूतों को फिर से महिमा मंडित करने का काम वर्तमान सरकार कर रही है। देश का दुर्भाग्य अब मिट रहा है और भगवा रंग से देश का सौभाग्य लिखा जा रहा है। देश का इतिहास फिर से लिखा जाएगा, जिसमें मां भारती का ललाट फिर से दमकेगा।

**संपादक**

200 साल तक विदेशियों के गुलामी से भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातनी धर्म का जो ह्रास हुआ उसको पूर्ण वैभव में लाने भारत को न जाने कितने साल लग जाएंगे। धीरे-धीरे भारत का वैभव लौट रहा है और इसकी शुरूआत राम के अपने राज्य में लौटने के साथ हो रहा है। साढ़े 5 सौ साल के बाद फिर से अयोध्या का वैभव लौट रहा है और बाल रूप में भगवान अपने घर में फिर से 22 जनवरी को प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। 22 जनवरी को भारत का मंगल होने जा रहा है। पूरा भारत 22 जनवरी को फिर से दीपावली मनायेगा और इस दिन राम का फिर से विजय दिवस मनाया जाएगा। 14 साल तक वनवास काटने के बाद और लंका विजय कर जब राम जी अयोध्या लौटे थे, तो पूरा आर्यावर्त ने दीपावली मनायी थी और अब साढ़े पांच सौ साल बाद फिर से देश के कोने-कोने के हर घर में दीपोत्सव की तैयारी हो रही है। यह मंगल विजय सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि विश्व के हर कोने में रहने वाले हिन्दूओं की विजय है। आज पूरा देश इस बात के लिए गौरवान्वित हो रहा है कि रामलला का बचपन फिर से लौट रहा है और 22 जनवरी को बाल रूप में अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर के गर्भ गृह में भगवान श्रीराम प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। यह अद्भूत और विशाल आध्यात्मिक समारोह देश के लिए इतिहास बनायेगा, क्योंकि इस आध्यात्मिक समारोह को बच्चे से लेकर बूढ़े तक, जवान से लेकर नारी शक्ति इस वैभव रूपी महान यज्ञ में अपनी-अपनी सहभागिता निभाने जा रहे हैं। हिन्दू किसी धर्म का नाम नहीं बल्कि यह एक वैचारिक क्रांति है, जहां पर हर धर्म के लोगों का समावेश होना चाहिए। इस वैभव गाथा का साक्षी बालक से लेकर बूढ़े तक बनेंगे और घर-घर, हर घर दीपों से रौशन होगा, क्योंकि 22 जनवरी को रामलला फिर से अपने राज में वापस लौट रहे हैं। आजादी के बाद सत्तालोलुपता ने देश में गुलामी से नष्ट हुई हमारी सांस्कृतिक विरासत को लौटने नहीं दिया, फलस्वरूप हमारी विरासत विलुप्त होती जा रही थी। सत्ता का मोह भारत के प्राचीन वैभव को लौटाने के लिए डर रहा था कि हम हिन्दुत्व की ओर लौटेंगे तो कहीं हमारी कुर्सी गायब न हो जाए। इस महान यज्ञ को पूर्ण करने के लिए न जाने कितने लोगों ने बलिदान दिया, न जाने कितने कार सेवकों को कुचला गया और न जाने कितने लोग जेल के सलाखों के पीछे सालों-साल रात गुजारी। सत्ता का डंडा इन कार सेवकों पर ऐसा बरसा कि लहू -लुहान होकर भी जय श्रीराम के उद्घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। रामलला को वापस पाने के लिए कई राम भक्तों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और रामलला के इंतजार में इस दुनिया से ही अलविदा हो गए। सभी का बलिदान और रामलला को पाने की चाहत रखने वाले संत पुरूषों का प्रयास और बलिदान रंग ला रहा है और रामलला फिर से लौट रहे हैं। 22 जनवरी का दिन भारत के वैभव का गुणगान करने का दिन है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के एक ऐसे हनुमान के रूप में अपना कार्य कर दिखाए कि आज उनके नेतृत्व में भारत को फिर से विश्व में गौरव हासिल हो रहा है।

नवनिर्मित यह राम मंदिर भारत के सम्मान को लौटाने जा रहा है, जिसे भारत के दुश्मनों ने तहस-नहस कर बावरी मस्जिद का रूप दे दिया था। आज हकीकत सामने है और राममंदिर फिर से जीर्णोद्धार होकर मूल रूप में भव्यता के साथ वापस आ रहा है। हमारे देश के कारीगरों ने इसे इतना मजबूत बनाया है कि भूकंप आये या ज्वालामुखी, यह मंदिर 1000 साल तक अक्षुण्ण बना रहेगा। यहां एक-एक मूर्ति का नमूना 21 वीं सदी की कला को उकेरता रहेगा।




## समर्पण निधि से तैयार हो रहा भव्य राम मंदिर

देश के सम्मान का प्रतीक निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 पौष शुक्ल द्वादश विक्रम संवत 2080 के शुभ मुहूर्त में रामलला बाल स्वरूप में पधारने जा रहे हैं। इस मंदिर के निर्माण में 3 साल 9 माह से अधिक का समय लग चुका है। देश के दान दाताओं ने हाथ खोलकर इस मंदिर के निर्माण में निधि समर्पण की और अब तक 900 करोड़ से अधिक की राशि मंदिर निर्माण में खर्च हो चुकी है और ट्रस्ट के पास समर्पण निधि का 3 हजार करोड़ जमा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही अधूरे निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाता जाएगा। 22 जनवरी साढ़े पांच सौ साल के इंतजार का साक्षी बनेगी और पूरा देश देव दीपावली के रूप में मनाएगा। घर-घर दीप जलेंगे और रामलला के आगमन का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि 22 जनवरी दीपावली से कम नहीं होनी चाहिए और घर-घर, चौक चौराहों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाएं ताकि दीपों की रौशनी से ऐसा लगे कि अयोध्या में विजय होकर फिर से राम लला का राज तिलक हो रहा हो। ढोल नगाड़ों से पूरा देश गूंजायमान होगा और अयोध्या सहित हर मंदिरों में शंखनाद और मंत्रोच्चार से पूरा आसमान भी गूंजेगा। एक बार फिर आसमान से सभी देव, धरती से सभी जीव राम का जयघोष करते नजर आयेंगे। रामलला का ऐसा स्वागत होगा कि इतिहास के पन्नों में यह अमिट हस्ताक्षर बनेगा। देश की सवा अरब जनता इस वैभव शाली दिन का गवाह बनेगी। इतना ही नहीं पूरे विश्व के हजारों विभूतियां अयोध्या आकर देश के गौरव शाली इतिहास को जानेंगे और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखे जा रहे इतिहास को पढ़ेंगे। अभी से पूरा देश उत्साहित है और 22 जनवरी के उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि वह क्षण कब आएगा जब रामलला बाल रूप में वैभवशाली घर में प्रवेश करेंगे। अयोध्या सजने लगा है, संवर कर तैयार हो गया है और रामलला का स्वागत करने के लिए बेताब है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का इंतजाम होगा। अव्यवस्था से बचने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नागरिकों से अपील की है कि 22 जनवरी को अयोध्या न आयें और अपने घर में ही रह कर रामलला का स्वागत करें। ऐसी दीपावली मनाएं कि इतिहास बन जाए। राम के प्रति समर्पण का यह बड़ा उदाहरण होगा। राम की भक्ति हर घर में झलकनी चाहिए। राम के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। राम ही देश का गौरव हैं और 22 जनवरी को हमारा गौरव लौट रहा है। यह वैभव भारत को विश्व में गौरवशाली बनाएगा। हम अपने गौरवशाली इतिहास को फिर से पढ़ेंगे, और नए भारत को गढ़ेंगे।

## 550 साल का इतिहास, 50 साल के दस्तावेज

राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय के अनुसार सरयू तट पर स्थित राम कथा संग्रहालय को एक ट्रस्ट का रूप दिया जाएगा। इसमें राम मंदिर का 550 साल का इतिहास और 50 साल के कानूनी दस्तावेज रखे जाएंगे।

## 10 हजार मेहमानों को न्योता

अयोध्या में 22 जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा होनी है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के मुताबिक 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी अंतिम चरण में है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ देश भर के करीब 10,000 गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। विदेशों से भी विभूतियों को आमंत्रित किया गया है।

## 5 लाख गांव में बांटे जा रहे अक्षत

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक राम जन्मभूमि पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को प्रसाद के साथ भगवान राम की तस्वीरें वितरित की जाएंगी। साथ ही 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक भारत के 5 लाख गांवों में पूजित अक्षत (पूजा किया हुआ चावल) बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षत से विभिन्न इलाकों के मंदिरों में अयोध्या जैसा उत्सव मनाने की अपील की जा रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए विशेष समिति

ट्रस्ट के मुताबिक प्रतिष्ठा समारोह के लिए एक धार्मिक समिति का गठन किया गया है। जो सारे कामकाज देख रही है। मुख्य समारोह से पहले भगवान राम के सामने पूजित चावल पूरे भारत में बांटे जा रहे हैं। ट्रस्ट के मुताबिक भारत भर के 50 केंद्रों के कार्यकर्ता अक्षत को विभिन्न केंद्रों तक पहुंचा रहे हैं। ट्रस्ट ने अपील कि है प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन सूर्यास्त के समय सभी लोग अपने घरों में पांच दीपक जलाएं, ताकि समारोह की शोभा और बढ़े और लगे कि देश देव दीपावली मना रहा है, क्योंकि इस दिन रामलला फिर से अयोध्या आ रहे हैं और उनका राज्याभिषेक हो रहा है। आईए सब मिलकर इस उत्सव को महाउत्सव और महायज्ञ के रूप में मनाएं और देश के गौरव का मान बढ़ाएं।

## राममंदिर निर्माण का मार्ग ऐसे हुआ प्रशस्तः रामलला को वापस पाने में लग गए 550 साल

**अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजित होने की तैयारियां की जा रही हैं। राम मंदिर के इतिहास में बाबर से लेकर राम मंदिर तक लगभग 550 सालों का समय लगा। 9 नवंबर 2019 का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया गया, जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया और विवादित जमीन हिंदू पक्ष को मिली।**

साढ़े 550 साल पहले बाबर सहित कई आततताईयों ने भारत की संस्कृति को मिटाने की कोशिश की। अंग्रेजों ने भारत की सभ्यता को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन भारत सदा से ही विश्व का मार्ग दर्शक रहा लेकिन गुलामी के कारण भारत का वैभव कम हुआ, लेकिन अब फिर से भारत का वैभव लौट रहा है। आईए जानते हैं कि राममंदिर का निर्माण कैसे प्रशस्त हुआ...

साल 1885- महंत रघुबीर दास ने फैजाबाद जिला अदालत में याचिका दायर की थी। इसके तहत उन्होंने राम की मूर्ति स्थापित करने की अर्जी लगाई थी, जो खारिज हो गई थी।

साल 1949- 23 दिसंबर साल 1949 को विवादित ढांचे में रामलला की मूर्ति मिली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि राम प्रकट हुए हैं, जबकि मुस्लिमों ने आरोप लगाया था कि किसी ने रातों-रात मूर्तियां रख दीं। इसके बाद इसे विवादित ढांचा मानकर ताला लगवा दिया गया था।

साल 1950- फैजाबाद सिविल कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गईं। पहली याचिका में गोपाल सिंह विशारद ने पूजा के अधिकार को लेकर अर्जी दाखिल की, तो दूसरी याचिका में विवादित ढांचे में भगवान राम की मूर्ति रखे रहने की इजाजत मांगी।

साल 1959- निर्मोही अखाड़ा ने तीसरी याचिका दाखिल कर रामलला स्थल का अधिकार मांगा। उन्होंने अपनी दलील में कहा था कि विवादित ढांचे का आंतरिक और बाहरी अहाता भगवान राम की जन्मभूमि के रूप में मान्य है। हम उनके सेवायत हैं ऐसे में हमें ये अधिकार सदियों से प्राप्त है।

साल 1961- यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अर्जी दायर कर साइट का अधिकार मांगा। इसमें विवादित ढांचे के पजेशन और मूर्तियां हटाने की मांग की थी।

साल 1986- कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए जगह खोली जाए। यूसी पांडे की याचिका पर जिला जज केएम पांडे ने आदेश दिया था। इसके बाद विवादित ढांचे का ताला खोला गया और श्रृद्धालुओं को जाने की इजाजत दी गई।

साल 1989-इस साल विहिप ने हजारों हिंदू समर्थकों के साथ राम जन्म भूमि का शिलान्यास कर दिया था। कामेश्वर चौपाल के हाथों राम मंदिर की पहली ईंट रखवायी गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवादित ढांचे वाले स्थान पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा।

1992- विहिप और शिवसेना समेत तमाम हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विवादित ढांचे को 6 दिसंबर को गिरा दिया। देश भर में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई।

1993- इस साल सीबीआई ने समेकित चार्जशीट फाइल की। जिसमें बाल ठाकरे, नृत्य गोपाल दास, चम्पत राय, आडवाणी, उमा भारती और अन्य पर लगे आरोप।

2001- विवादित ढांचा गिराने के मामले में कोर्ट ने लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, बाल ठाकरे समेत 13 लोगों के खिलाफ कार्रवाई रोक दी थी।

साल 2004- विवादित ढांचे के मामले में सीबीआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल की थी।

साल 2010- हाईकोर्ट ने सीबीआई की रिवीजन पिटीशन को खारिज कर दिया था। इसके बाद 24 सितंबर को लखनऊ पीठ की बेंच ने फैसला सुनाते हुए विवादित जमीन को तीन हिस्सों सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और रामलाला के बीच बांटा। ये फैसला इन पक्षों का मंजूर नहीं था, फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

साल 2019- यह ऐतिहासिक दिन 9 नवंबर 2019 का था। इस दिन सुप्रीम कोर्ट ने पूरी विवादित जगह को रामलला को सौंपने का आदेश दिया था। वहीं सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित की थी।

एजेंसी से साभार

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन होंगे 30,000 जवान तैनात



## सात सुरक्षा एजेंसियों के लगे कैंप, तलाशी में जुटीं 15 टीमें



**अयोध्या ( एजेंसी )।**

22 जनवरी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। स्टेट एजेंसियों के अलावा केंद्र की एजेंसियों ने भी जिले में कैंप किया है। 15 टीमें विभिन्न इलाकों में छानबीन करके इनपुट तलाश रही हैं। वहीं, श्रीराम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा कमांडो के हवाले किया गया है। रामनगरी में लगभग 30,000 जवान तैनात किए जा रहे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में आईबी, एलआईयू, एटीएस, एसटीएफ, मिलिट्री इंटेलिजेंस समेत सात सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व ही कैंप किया है। खुफिया जानकारी जुटा रही टीमों में एक डिप्टी एसपी, एक निरीक्षक व छह-छह सिपाही लगे हैं। इन्हें मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम समेत तमाम आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। अयोध्या में होने वाली तमाम संभावित गतिविधियों पर उनकी नजर है। फिदाइन हमले रोकने के लिए मंदिर के आसपास क्रैश रेटेड बोलार्ड लगाए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों से आसपास के इलाकों की निगरानी होगी।

**हवाई अड्डे पर तैनात जवान आतंकी खतरों से निपटने में सक्षम**

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। ये जवान आतंकी खतरों से निपटने की क्षमता रखते हैं। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। सुरक्षा बलों की कुल संख्या 294 है। इन्हें वॉच टावर के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। स्क्रीन के जरिये पूरे एयरपोर्ट की सुरक्षा की सतत निगरानी शुरू कर दी गई। यूपीएसएसएफ के मीडिया प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि तैनाती के पहले जवानों को अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार ने सुरक्षा के अहम बिंदु समझाए। इन्हें तीन माह का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है। यूपी एटीएस से आधुनिक हथियारों को चलाने का और यूपीएसडीआरएफ से आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पांच दिन का इंडक्शन कोर्स, 14 दिन का बेसिक कोर्स, पांच दिन का ऑन जॉब ट्रेनिंग, पांच दिवस का स्क्रीनर्स से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी मिला है।

**अलग-अलग सेक्टरों में बांटा**

एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि रामनगरी को सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए लगभग 100 डिप्टी एसपी, 300 निरीक्षक, 800 उपनिरीक्षक व 4500 मुख्य आरक्षी/आरक्षी की मांग की गई है। 20 कंपनी पीएसी भी तैनात रहेगी।

**अयोध्या में घुस नहीं पाएंगे खुराफाती**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। पुलिस के रडार पर रहने वाले लोगों को इस दौरान अयोध्या में घुसने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने मय फोटो इनका डाटाबेस तैयार कर लिया है। इनकी गतिविधियों पर अभी से नजर रखी जा रही है। श्रीराम मंदिर की सुरक्षा को पहले से अब और चुस्त किया जा रहा है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देशभर के विशिष्टजन शामिल होंगे। इसके बाद अयोध्या में बेहिसाब भीड़ उमड़ेगी। समारोह के दौरान सुरक्षा पर सरकार का फोकस है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस की नजर ऐसे खुराफातियों पर है जो भीड़ का लाभ उठाकर गड़बड़ कर सकते हैं। आसपास के जिलों के साथ ही प्रदेश भर से ऐसे लोगों की पहचान करके पूरी कुंडली पुलिस ने मंगवा ली है। अब रणनीति यह है कि ऐसे लोगों को अयोध्या में घुसने न दिया जाए। यहां आने का प्रयास किया तो धर दबोचे जाएंगे। समारोह के दौरान सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया जाएगा।

**दो दिन नहीं गुरजेंगे भारी वाहन**

21 और 22 जनवरी को भारी वाहन इधर से नहीं जाएंगे। छोटे वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था होगी। आमंत्रित अतिथियों के लिए बेहतर व्यवस्था रहेगी। पार्किंग स्थलों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। राम मंदिर की सुरक्षा का नया प्लान लागू किया जा रहा है। बिना अनुमति इस क्षेत्र में ड्रोन नहीं उड़ाए जा सकेंगे। श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

**रहेगी निगरानी**

भीड़ में अराजकता फैलाने वाले लोग अभी से चिह्नित किए जा रहे हैं। खुफिया के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से निगरानी की व्यवस्था की जा रही है प्रवीण कुमार, आईजी, अयोध्या

# ऋषभ पंत की बहन साक्षी ने बॉयफ्रेंड से रचाई सगाई



**नई दिल्ली( एजेंसी )।**

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत ने अपने बॉयफ्रेंड अंकित चौधरी से सगाई कर ली है। सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत ने भी अपने इंस्टाग्राम पर अंकित के साथ अपनी सगाई की फोटो पोस्ट की है। पंत को हाल में दुबई में एमएस धोनी के साथ देखा गया था, जहां उन्होंने मिलकर नए साल का जश्न मनाया था, लेकिन पंत अब भारत लौट चुके हैं और वह बहन की सगाई में मौजूद थे।

मीडिया में जारी खबरों के मुताबिक, ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत करीब नौ साल से अपने बॉयफ्रेंड अंकित चौधरी को डेट कर रही थीं। ऋषभ ने सगाई की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा- बधाई हो बहन। ऋषभ के इस पोस्ट पर कई क्रिकेटर्स ने कमेंट कर बधाई और अपनी शुभकामनाएं दी है। सगाई के दौरान ऋषभ को अपने दोस्तों और बहन के साथ देखा गया।

विकेटकीपर-बल्लेबाज को इस दौरान ब्लैक कलर पहने देखा गया। उनके साथ उनकी मां बेज कलर की भारी साड़ी में नजर आ रही थीं। साथ ही ऋषभ भी बहन गोल्ड कलर के लहंगे में नजर आ रही थी जबकि साक्षी की मंगेतर अंकित ने पीच कलर का कुर्ता पैजामा पहने हुए दिख रहे हैं। फोटो में पंत काफी खुश नजर आ रहे हैं। ऋषभ पंत के अलावा उनकी बहन साक्षी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर मंगेतर अंकित चौधरी के साथ सगाई की कुछ फोटो पोस्ट की है। इन फोटो में वह और अंकित काफी खुश दिख रहे हैं। साक्षी ने सगाई की फोटो के साथ कैप्शन में लिखा,हमारी लव स्टोरी का नया चैप्टर।

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार एक्सीडेंट का शिकार हो गए थे। 30 दिसंबर, 2022 को वह अपनी कार मर्सीडीज से दिल्ली से अपने होमटाउन रूड़की जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई थी और वह एक बड़े हादसे का शिकार हो गए थे। एक्सीडेंट होने के बाद उनकी गाड़ी जल गई थी, लेकिन वह किसी तरह से खुद को बचाने में कामयाब रहे थे। हालांकि पंत अब तेजी से रिकवर कर रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि वह आईपीएल 2024 में खेलेंगे।

पंत ने भारतीय टीम के लिए अब तक 33 टेस्ट, 30 वनडे और 60 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। 26 वर्षीय पंत हाल में दुबई में हुई आईपीएल 2024 की नीलामी के दौरान सौरव गांगुली के साथ मौजूद थे, जो दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं। एक्सीडेंट के कारण पंत 2023 में एक बार भी क्रिकेट नहीं खेल पाए, लेकिन अब उम्मीद की जा रही है कि वह आईपीएल 2024 में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

## भूख लगी तो 3 लाख रुपए खा गया पालतू कुत्ता

**लंदन ( एजेंसी )।**

हम इंसान अंजाने में ऐसी गलती कर बैठते हैं, जिसका खामियाजा कई बार हमें तगड़ा ही भुगतना पड़ता है। जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचता। हाल ही में एक ऐसा ही मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में है, जिसके बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

दरअसल, एक पालतू कुत्ता मालिक के तीन लाख रुपये चबा गया। अंत में जब डॉगी की हालत खराब हुई तो अचानक मालिक को शक हुआ कि उससे एक गलती हो गई है। इस घटना से लोगों को सबक मिलेगा, की घर में कुत्ता रखने पर कभी भी लापरवाही न वर्तें।




**लिफाफे में रखा था कैश**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुत्ते सेसिल के मालिक क्लेटन लॉ ने अपने घर के किचन काउंटर पर 4000 डॉलर कैश से भरा एक लिफाफा रखा था जो उसे ठकेदार को देना था। इधर जैसे ही वो क्लेटन अपने काम में बिजी हुआ सेसिल तुरंत पैसों से भरा वो लिफाफा लेकर वहां से भाग गया। कपल ने बताया कि कुत्ते का नाम सेसिल रखा है।

## आपके पास अब भी बचे हैं 2000 रुपये के नोट? आरबीआईने बताया बदलने का आसान तरीका



**नई दिल्ली( एजेंसी )।**

क्या आपके पास अब भी 2000 रुपये के नोट बचे हुए हैं? रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चलन से बाहर किये गए 2000 रुपये के नोट का बदलने का एक बार फिर बेहद आसान तरीका बताया है। रिजर्व बैंक ने बताया कि 2,000 रुपये के नोट को अब आप डाकघरों की मदद से बदल सकते हैं। रिजर्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर 'अक्सर पूछे जाने वाले सवालों' (एफएक्यू) के एक समूह में कहा कि लोग अपने बैंक खाते में राशि प्राप्त करने के लिए किसी भी डाकघर से उसके 19 कार्यालयों में से किसी को भी 2,000 रुपये के नोट भेज सकते हैं।

**आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है फॉर्म**

इसके लिए लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध एक आवेदन पत्र भरना होगा और नोटों को भारतीय डाक की किसी भी सुविधा से आरबीआई के कार्यालय को भेजना होगा। फॉर्म आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। असल में 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में अब भी लोगों की कतारें लग रही हैं।

**आरबीआई ने उपलब्ध कराए हैं वैकल्पिक माध्यम**

आरबीआई ने कहा था कि 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि इनमें से अधिकांश नोट अपनी अपेक्षित जीवन-अवधि पूरा कर चुके हैं और लोग भी लेनदेन में इनका अधिक इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के 97.38 प्रतिशत से अधिक नोट वापस लिए जा चुके हैं।

हालांकि अब बैंक शाखाओं में इस नोट को बदलने या जमा करने की अनुमति नहीं है लेकिन आरबीआई ने वैकल्पिक माध्यम मुहैया कराए हैं।

## हुक्का पीते नजर आए धोनी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल हो रहे वीडियो में धोनी सूट-बूट में हैं और दुबई के रेस्टोरेंट में हुक्का पीते हुए नजर आ रहे हैं।

# श्याम रंग, बाल स्वरूप, 51 इंच लंबी, जानिए कैसी होगी राम मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा

**अयोध्या ( एजेंसी )।**

रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं और अयोध्या के लोग अपने आराध्य को लेकर उत्साहित हैं। पूरी अयोध्या को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, और रामलला की मूर्ति तैयार हो गई है।

**रामलला की मूर्ति**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मूर्ति के स्वरूप का खुलासा करते हुए कहा है कि जो मूर्ति श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होगी, वह श्यामल रंग की होगी।

**मूर्तिकला**

रामचरितमानस और बाल्मीकि रामायण में वर्णित राम के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया। कर्नाटक के पत्तों से बनी दो श्यामल पत्थरों में से एक मूर्ति श्री राम के गर्भ गृह मंदिर में स्थापित होगी और बाकी दोनों अलग-अलग स्थलों पर स्थापित की जाएगी।

**महासचिव का विशेष वर्णन**

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने मूर्ति को विस्तार से वर्णन किया, कहते हुए, इस मूर्ति में देवत्व यानि भगवान का अवतार है, विष्णु का अवतार है। यह एक राजा का बेटा होने के साथ-साथ राज पुत्र और देवत्व का संगम है।

**मूर्ति की विशेषताएँ**

मूर्ति का विस्तार से वर्णन करते हुए चंपत राय ने कहा, यदि हम पैर की उंगली से लेकर आंख की भौत तक देखें, तो यह मूर्ति चार फीट, 3 इंच की प्रतिमा है, लगभग 51 इंच ऊँची है। इसमें थोड़ा मस्तक, मुकुट, और आभामंडल शामिल हैं।

**पूजा विधि**

चंपत राय ने बताया कि पूजा विधि 16 जनवरी से शुरू होगी, और मूर्ति गर्भ गृह में 18 तारीख को स्थापित की जाएगी। मूर्ति का शरीर लगभग डेढ़ टन का है और यह एकदम पत्थर से बनी है, श्यामल रंग की।

**आशीर्वाद और समापन**

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने आगे कहा, यह मूर्ति हमारे लिए बहुत अद्भुत है, और सभी ने बड़ी तन्मयता से काम किया है। हम सभी का सम्मान होगा। इस समारोह के माध्यम से लोग नहीं सिर्फ रामलला के प्रति अपने श्रद्धाभावना को व्यक्त करेंगे, बल्कि एक नए युग की शुरुआत का भी आदान-प्रदान होगा।



# बालको के मेगा हेल्थ कैंप से नागरिकों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) हेल्प एज इंडिया के सहयोग से अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत गहनिया गांव में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 157 नागरिक लाभान्वित हुए। यह मेगा हेल्थ कैंप विशेषकर जनजाति समुदाय को समर्पित था जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर में विशेषज्ञ सेवाएं जैसे दंत, त्वचा, हड्डी, स्त्री रोग, ईएनटी, मेडिसिन, सामान्य चिकित्सक और मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। वृद्धजनों को एडवांस इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक से फिजियोथेरेपी सेवा प्रदान की गई। 56 वृद्ध एवं महिला को ओपीडी तथा 13 गर्भावस्था महिलाओं को परामर्श दिया गया। 39 हिमोग्लोबिन, 27 मधुमेह, 19 त्वचा



जांच के साथ 7 लोगों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 34 महिलाओं को परामर्श दी गई। मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप से बालको समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य बेहतर भविष्य की ओर लेकर जाने के कटिबद्ध है। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गहनिया के साथ खेतार, फूटामुड़ा, केशलपुर और बेला पंचायत के 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको ने इस साल लगभग 6 नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया।



## बालको के मेगा हेल्थ कैंप से अधिक से अधिक लोगों को मिला, हम बालको के आभारी-सरपंच जया

बेला ग्राम पंचायत की सरपंच जया राठिया ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस मेगा हेल्थ कैंप से सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम गहनिया में शिविर आयोजित करने के लिए बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी।

## बालको सामुदायिक भलाई और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध-सीईओ राजेश



बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से गहनिया मेगा हेल्थ कैंप से स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।



# सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा के मेधावी छात्र नितेश सम्मानित

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



सरस्वती शिक्षण संस्थान रोहणीपुरम में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं अन्य विभूतियां बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में कोरबा जिले के सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा के कक्षा पंचम के छात्र नितेश यादव ने मेधावी छात्र परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नितेश की सफलता पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जी एवं सभी आचार्य एवं दीदी जी तथा परिवारजन गौरवान्वित हैं।

## नेशनल ताइक्वांडो में काव्या ने जीता गोल्ड



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** ओडिशा में छठवीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता राउरकेला में आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो यूनियन से 120 प्रतिभागियों का चयन हुआ था। इसमें कोरबा जिला के पाली ब्लॉक से काव्या डिक्सेना पिता नारायण डिक्सेना का भी चयन हुआ था। इन्होंने नेशनल में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने स्कूल और अंचल का नाम रोशन किया। काव्या मार्शल आर्ट ट्रेनिंग प्रशिक्षण चंचल डिक्सेना से ले रहीं हैं। इस उपलब्धि के लिए वह अपने गुरु मोनिका चक्रधारी और चंचल डिक्सेना की आभारी हैं।

# प्रेसवार्ता:जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की असीम संभावनाएं-कलेक्टर अजीत वसंत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

04 जनवरी को जिले के 18 वें कलेक्टर के रूप में आईएएस अजीत वसंत ने पदभार ग्रहण किया और दूसरे दिन 05 जनवरी को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में पत्रकारों से चर्चा करते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर चर्चा की और कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और निष्पक्ष मतदान प्रशासन की प्राथमिकता होगी और इसके लिए जिला प्रशासन विभिन्न प्रचार माध्यमों से जनता को जागरूक करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने बताया कि कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 04 जिलों के 08 विधानसभा आते हैं। जिनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दो विधानसभा, भरतपुर व मनेन्द्रगढ़, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का मरवाही विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक होगी। दावा-आपत्ति की अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 13 एवं 14 जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। कलेक्टर ने बताया कि चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़े, इसके लिए स्कूल एवं कालेजों में विशेष शिविर लगाया जाएगा, ताकि 18 वर्ष पूरा करने वाले युवाओं को मतदान में शामिल किया जा सके। इसी प्रकार दावा आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा।

**जिले में 09 लाख 21 हजार 585 मतदाता**

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता कार्यक्रम अंतर्गत 01 जनवरी 2024 की स्थिति में कोरबा जिले के ही चारों विधानसभा अंतर्गत कुल 1080 मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की कुल संख्या 9 लाख 21 हजार 585 है। जिसके अंतर्गत 04 लाख 60 हजार 531 पुरुष मतदाता एवं 04 लाख 61 हजार 016 महिला मतदाता हैं।

जिले में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 38 है। इसी प्रकार जिले में वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 9770, 18-19 वर्ष के नए मतदाता 30,028 व दिव्यांग मतदाता 5859 और सेवा मतदाताओं की संख्या 542 है। लोकसभा निर्वाचन हेतु अब तक 1500 नए मतदाता जुड़े हैं। इनमें 18-19 वर्ष के नए मतदाता की संख्या 291 है। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाता है। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा पर फोकस

कलेक्टर अजीत वसंत ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अपनी प्राथमिकता गिनायी और कहा कि केन्द्र सरकार की महती योजना पीएम जनमन योजना से अति पिछड़ी जनजाति आदिवासी कोरवा एवं बिरहोर को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाकर मुख्य धारा में लाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले टारगेट को शत प्रतिशत पूर्ण करना और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि जिले में बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अधोसंरचना विकास के साथ-साथ सभी स्तर पर प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में सभी काम पारदर्शिता के साथ होगा और केन्द्र तथा राज्य सरकार की सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन प्रशासन की प्राथमिकता होगी। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर अजीत वसंत के साथ एडीएम प्रदीप साहू, एसडीएम सीमा पात्रे भी उपस्थित थे।

# रामलला के अयोध्या आगमन के पूर्व पूरा देश हो रहा राममय

## रामराज यात्रा के स्वागत में सम्मिलित हुए रजनीश



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

रामराज्य युवा यात्रा श्रीलंका से अयोध्या पहुंचेगी यह यात्रा 25 दिसंबर से 20 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र जी के भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या धाम पहुंचेगी। कोरबा में रामराज्य युवा समिति के सदस्यों के के द्वारा भव्य यात्रा निकाली गई यात्रा में स्वागत के लिए भाजपा नेता रजनीश देवांगन सम्मिलित होकर राम राज्य यात्रा का स्वागत किए। निश्चित तौर पर पूरा देश आज जगमग हो उठा है कई सालों के संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का सपना पूरा हुआ। कोरबा जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कहा कि करोड़ों भक्तों को उनके सपने को साकार कर केंद्र की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया। जनवरी माह में प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य दीप उत्सव का कार्यक्रम होगा। पूरा कोरबा जिला सहित देश प्रदेश दीप उत्सव से जगमगाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अगवाई कर रहे रामराज्य समिति के अध्यक्ष रामावतार युवा पत्रकार प्रदोष सुरेश चौव्हाण नवदीप नंदा पार्षद लकेश्वर चौहान दिनेश वैष्णव संजय कुमवंशी रामावतार पटेल रिंकू लक्ष्मी नारायण स्वाति कश्यप पुष्पकला राखी तारक प्रीति चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# राम जैसा पुत्र चाहिए तो पिता को दशरथ जैसा बनना पड़ेगा-श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

देश में सनातन धर्म के प्रति अब लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं, इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग अच्छे स्तर पर पहुंच गई है। अब देश में अध्यात्म की राह में लोग बढ़ रहे हैं। सनातन धर्म की संस्कृति, सभ्यता और विरासत सहेजने से ही सबका विकास होगा। उक्त विचार श्रीधाम वृद्धावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने कोरबा प्रेस क्लब में आयोजन प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राम पूरे विश्व के आदर्श हैं और उनके मार्ग पर चल कर ही विश्व का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज को सभ्य बनाने के लिए हमें सनातन धर्म के बताए मार्ग पर चलकर जीवन जीना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को राम जैसी संतान की इच्छा होती है लेकिन राम जैसा पुत्र पाने के लिए पिता को दशरथ जैसा बनना पड़ेगा। वे शहर के रविशंकर शुक्ल नगर के चिल्ड्रन पार्क ग्राउंड में श्रीहित सहचरी सेवा समिति द्वारा दूसरे वर्ष आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में कथा का रसास्वादन कराने पहुंचे हैं। श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च जी ने बताया कि 4 जनवरी से 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में पहले दिन कल गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शुक्रवार से कथा का शुभारंभ किया गया है। शोभायात्रा एक दिन पूर्व इसलिए निकाली गई कि कथा शुरू होने पर किसी तरह का खींचतान की स्थिति न रहे। उन्होंने बताया कि वृद्धावन में उनकी संस्था कन्या विवाह समेत अन्य मानव व समाज सेवा से जुड़े आयोजन करती है। सनातन धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश में गीता प्रेस गोरखपुर का पुस्तक के जरिए सनातन धर्म के प्रति प्रचार प्रसार में अहम योगदान रहा है, दूसरा आरएसएस द्वारा व्यापक रूप से प्रचार किया गया, जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। पूर्व में धर्माचार्य द्वारा व्यापक प्रचार करना था लेकिन नहीं किया गया, परंतु अब देश के हर कोने कोने में भक्तिमय कार्यक्रम के दौरान धर्माचार्य सनातन हिंदूत्व का प्रचार कर रहे हैं। लोग जागरूक हुए तो अब धर्मांतरण में कमी आ रही है। दूसरे धर्मो में गए लोग वापस अपने धर्म में वापसी कर रहे हैं।

# गोपाल राय सोनी ( अमृता ज्वेलर्स ) परिवार बागेश्वरधाम बालाजी पहुंचे,महाराज धीरेन्द्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा के लब्ध प्रतिष्ठित ज्वेलरी व्यापारी एवं एसएस प्लाजा स्थित अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपालराय सोनी समय निकालकर परिवार सहित बागेश्वर धाम बालाजी पहुंचे और सपरिवार देश के ख्यातिलब्ध कथा वाचक, प्रखर आध्यात्मिक वक्ता महाराज धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख शांति, सुख समृद्धि, यश कीर्ति की कामना की। श्री सोनी ने बताया कि शास्त्री महाराज ने परिवार को फूल की झाड़ू से संवारकर आशीर्वाद दिया और हम शास्त्री जी के कृपा पात्र बनें। श्री सोनी ने यह भी बताया कि उनकी बहू श्रीमती रेखा को यहां स्थित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जी का साक्षात दर्शन भी हुए और उनका और हमारा जीवन धन्य हो गया। श्री सोनी ने बताया कि देश के प्रख्यात कथावाचक श्री श्याम सुंदर जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ और उनकी दिव्यवाणी से हम कथा का रसपान भी किये। श्री सोनी ने बताया कि समय निकालकर आध्यात्मिक लाभ भी हर परिवार को लेना चाहिए और सनातन धर्म द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर जीवन यापन करना चाहिए, इससे ही हमारे राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा और समाज सभ्य बनेगा।




**रोजगार का सुनहरा अवसर**

कोरबा में पहली बार पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। 8वीं एवं 10वीं पास युवक/युवती पंचकर्म चिकित्सा पद्धति सीख कर रोजगार की गारंटी पाएं। प्रशिक्षण शुल्क नाम मात्र।

संपूर्ण बायोडाटा के साथ पंचकर्म प्रशिक्षण हेतु आज ही संपर्क करें-


आयुर्वेद सदन-
**पंचकर्म चिकित्सालय**
आर्युलाईन मल्टी स्पेशलिटि पंचकर्म हॉस्पिटल
प्लाट नं.: 310,सुदर्शन भवन (पंचकर्म सदन) मेन स्टेट बैंक के पास, प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के बगल में, टी.पी. नगर (कोरबा), मो.: 94255-47677, 83193-24280

**दुकान किराये पर देना है**

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने दो दुकान 13x18 डूप्लेक्स शीघ्र ही किराए पर देना है।

हमसे संपर्क करें-
**गोपाल राय सोनी**
मो.: 79996 32557

**वातरोगान्तक (Vatrogantak) Syrup**



वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

**आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श**

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

सीएसईबी चौक | स्टेडियम रोड | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | मुड़ापार रोड

पतंजलि | श्रीश्री आयुर्वेदा | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

Roop Kanchan



Want to lighten your skin tone

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

**शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक**
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

# ब्रह्म हत्या का पाप उतारने को यहां की थी भगवान राम ने तपस्या...तब से 200 मी. तक शोर नहीं करती गंगा

**अयोध्या ( एजेंसी )।**

ऋषिकेश ब्रह्मपुरी स्थित राम तपोस्थली के गंगा तट पर बनी एक गुफा में भगवान राम ने वर्षों तक तपस्या की थी। आज भी वह गुफा यहां बनी है, जिसके दर्शन के लिए अनेक श्रद्धालु आते हैं। स्कंदपुराण के अनुसार रावण वध करने के बाद भगवान राम को ब्रह्म हत्या का पाप लगा था। ब्रह्म हत्या का पाप उतारने के लिए वह तीर्थनगरी में तपस्या के लिए आए थे। ऋषिकेश से आठ किमी दूर ब्रह्मपुरी है। यहां राम तपस्थली आश्रम है। आश्रम की तलहटी और गंगा के किनारे एक गुफा है, जिसमें भगवान राम तपस्या में लीन हुए थे। आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर दयाराम दास ने बताया कि गंगा की तलहटी होने के कारण गंगा नदी का शोर उनकी तपस्या में





बाधा उत्पन्न कर रही थी। तपस्या में बाधा न पड़े, इसके लिए एक बार भगवान राम वहां से उठकर आगे की ओर चलने लगे। तभी वहां मां गंगा प्रकट हुईं और भगवान राम से बोलीं, हे प्रभु! आप मेरे किनारे को छोड़कर कहां जा रहे हैं। तब भगवान राम ने कहा, हे गंगे! तुम्हारा शोर मेरी तपस्या में बाधा उत्पन्न कर रहा है। तब गंगा ने भगवान राम को वचन दिया कि आपकी तपस्या में कोई रुकावट नहीं होगी। इसके लिए वह यहां से कई मीटर दूर तक बिना शोर करते हुए बहेंगी। उसके बाद भगवान राम यहां एक गुफा के अंदर साधना में लीन हो गए। तब से लेकर अब तक यहां करीब 200 मीटर तक गंगा नदी बिना शोरगुल के प्रवाहित हो रही हैं। त्रिवेणीघाट स्थित रघुनाथ मंदिर में भी भगवान राम ने तपस्या की थी। पौराणिक मान्यता है कि रावण वध के बाद भगवान राम ने ब्रह्म हत्या का पाप उतारने के लिए त्रिवेणीघाट में यमुनाकुंड के समीप कई वर्षों तक रघुनाथ मंदिर में भी तपस्या की थी। उसके बाद भगवान राम ब्रह्मपुरी की ओर रवाना हो गए थे। तब से यह मंदिर रघुनाथ मंदिर के नाम से विख्यात हो गया।

## मेरे राम! सबके राम!!



## संवरती अयोध्या को देख मुस्कुराता हूं तो भक्तों पर ढहाए जुल्म को याद कर रोता भी हूं, मैं कारसेवकपुरम हूं

**अयोध्या ( एजेंसी )।**

मैं कारसेवकपुरम हूं !

अयोध्या की पतित पावन भूमि का वह टुकड़ा, जिसने राममंदिर आंदोलन के हजारों कारसेवकों को अपनी गोदी में आश्रय दिया। आज संवरती हुई अयोध्या को देखकर मुस्कुरा लेता हूं, पर तीन दशक पहले रामभक्तों पर ढहाए गए जुल्म को याद कर रोता भी हूं। सैकड़ों वर्षों से मंदिर के लिए आवाजें उठ रही थीं।

आंदोलन की असल शुरुआत 1949 में हुई। यह सब मैंने दूर खड़े होकर देखा। 1990 के आते-आते मेरी दलदली जमीन और उसके अंदर खड़े हजारों जंगली पेड़ राममंदिर आंदोलन का केंद्र बन गए। बात 2 नवंबर 1990 की है। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर हजारों कारसेवक अयोध्या आ चुके थे। ज्यादातर ने मेरी शरण ली थी।

वे शांतिपूर्ण तरीके भजन कर रहे थे। इसी बीच सूबे की तत्समय की सरकार के इशारे पर पुलिस ने लाठीचार्ज और गोलियां दागनी शुरू कर दी। पुलिस की गोलियों से छलनी हुए अनगिनत कारसेवकों ने मेरी गोद में, तो कुछ ने सरयू के किनारे अपने प्राण छोड़ दिए। सूचना आई कि कोठारी बंधुओं ने विवादित ढांचे पर भगवा लहरा दिया है।

खून से लथपथ कारसेवक जय श्रीराम का जयघोष करने लगे। हालांकि कुछ समय बाद खबर मिली कि कोठारी बंधु पुलिस की बर्बरता का शिकार हो गए। इसके बाद कई गिरफ्तारियां हुईं और आंदोलन का स्वरूप बदल गया। 6 दिसंबर 1992 का वह दिन भी मैंने देखा, जब विवादित ढांचा ढह गया। मेरी दलदली और एकांत भूमि को कारसेवकों ने ही रहने लायक बनाया है।

**कारसेवकों के सम्मान में नाम**

पंचकोसी परिक्रमा के किनारे स्थित मेरे इस भूखंड का नाम कारसेवकपुरम, कारसेवकों के सम्मान में रखा गया। मेरी मिट्टी दलदली होने के कारण बहुत भीतर जाकर किसी को खोजना आसान नहीं था। यहां कारसेवक छिप जाते थे। 1990 के गोलीकांड बाद मेरी इस जमीन को विहिप ने खरीद लिया। तत्कालीन संरक्षक मोरोपिण्डली ने मेरा नाम कारसेवकपुरम रख दिया।

1993 में गठित एक स्वतंत्र ट्रस्ट, विहिप समर्थित रामजन्मभूमि न्यास ने लगभग 45 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया, जिसमें मेरा क्षेत्र भी शामिल था। आज मेरे प्रवेश द्वार पर पुलिस पहरा देती है। आंदोलन के अगुवा विहिप के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत अशोक सिंघल की तस्वीर प्रमुखता से लगाई गई है।

**कारसेवकपुरम में अब भी सेवा में जुटे हैं कारसेवक**

90 के दशक में राममंदिर आंदोलन में हिस्सा लेने यूपी के कन्नौज से आए पंकज मिश्रा उस समय गिरफ्तार किए गए थे और कई महीने इटावा की जेल में रहे थे। आजकल इसी कारसेवकपुरम में पिछले एक महीने से सेवा कार्य में लगे हुए हैं।

पंकज कहते हैं कि यह कारसेवकपुरम हम कारसेवकों के लिए हृदयस्थली है। हर पल की साक्षी है, यहां आकर यही लगता है मानो मां की गोद में हूं।

## वायुसेना को मिली बड़ी सफलता, पहली बार रात में सुपर हरक्यूलिस विमान की कारगिल में कराई सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय वायुसेना को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल वायुसेना ने अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को रात के समय कारगिल हवाई पट्टी पर उतारने में सफलता हासिल की है। इस दौरान वायुसेना के गरुड़ कमांडोज को भी सुपर हरक्यूलिस विमान में बिठाकर कारगिल भेजा गया। यह कमांडोज की ट्रेनिंग का भी हिस्सा था कि कैसे आपात स्थिति में उनकी जल्द से जल्द मोर्चे पर तैनाती की जा सकती है। गरुड़ कमांडो फोर्स, वायुसेना की स्पेशल फोर्स है। वायुसेना ने लैंडिंग का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है।



ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहती है। ऐसे में कारगिल जैसे ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग एक बड़ी सफलता है। इससे पहले वायुसेना के पायलटों ने उत्तराखंड में धारासू में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग कराई थी। खास बात ये है कि ये लैंडिंग एक चुनौतीपूर्ण मौसम में कराई गई थी। धारासू में जहां लैंडिंग कराई गई, वह 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित जगह है।

अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कंपनी द्वारा बनाया गया सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान एक ट्रांसपोर्ट विमान है, जो वायुसेना की 12वीं फ्लीट का हिस्सा है। इन्हें साल 2011 में वायुसेना में शामिल किया गया था।


## ठंड के चलते स्कूलों में फिर बढ़ गईं छुट्टियाँ, इतने दिनों तक छात्र बैठे रहेंगे घर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों खूब ठंड पड़ रही है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठंड के मौसम के कारण नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए दिल्ली में स्कूल अगले पांच दिनों तक बंद रहेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, आतिशी ने लिखा, नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए दिल्ली में मौजूदा ठंड के मौसम की स्थिति के कारण स्कूल अगले पांच दिनों तक बंद रहेंगे। दिल्ली में स्कूल 1 जनवरी से शीतकालीन छुट्टी winter vacation के लिए बंद हैं और कक्षाएं 8 जनवरी (सोमवार) से फिर से शुरू होने वाली थीं। दिल्ली सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी कर शीतकालीन छुट्टी 10 जनवरी तक बढ़ा दिया है। लेकिन कुछ ही घंटों बाद शिक्षा निदेशालय ने यह कहते हुए आदेश वापस ले लिया कि यह गलत तरीके से जारी किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम के बीच स्कूलों को फिर से खोला जाए या नहीं, इस पर रविवार को निर्णय लिया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से, दिल्ली और इसके पड़ोसी राज्यों में ठंड से गंभीर ठंड की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है क्योंकि कोहरे की परत ने सूरज की रोशनी को अवरुद्ध कर दिया है।







## दादरखुर्द में विकास कार्यों के लिए मंत्री अरूण साव को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

उपमुख्यमंत्री व लोकनिर्माण एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से भारती जनसेवा संघ के सह सचिव शत्रुहन पटेल ने रविवार को सर्किट हाउस में भेंट कर संगठन के जनहित कार्यों से अवगत कराया। इसके साथ ही दादर खुर्द कोरबा में जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। साथ ही शत्रुहन पटेल ने उपमुख्यमंत्री को दादर खुर्द के विकास संबंधी विषयों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छत्तीसगढ़ राष्ट्रवादी संघ के संयोजक वीरेंद्र दूबे, भारती जन सेवा संघ के सहसचिव शत्रुहन पटेल एवं मनीष पटेल,अनुपम दुबे, रमेश जायसवाल आदि उपस्थित थे। श्री साव ने कार्यकर्ताओं को विकास कार्यों के लिए आश्वस्त किया।



## लोकसभा चुनाव जीतने भाजयुमो का शक्ति केन्द्रों को मजबूत करने पर फोकस

**बांकीमोंगरा ( दिव्य आकाश )।**

भाजपा युवा मोर्चा की कार्यसमिति एव मंडल सशक्तिकरण बांकीमोंगरा युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय शर्मा के नेतृत्व में बांकीमोंगरा वार्ड क्रमांक 66 शक्ति केंद्र 85 सामुदायिक भवन शांति नगर में बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनूप यादव जिला महामंत्री युवा मोर्चा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडलअध्यक्ष शर्मा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव जीतना है, इसके लिए शक्ति केन्द्रों को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें। अनूप यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा 2024 के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की नींव मंडल से होनी चाहिए। भाजपा के मंडल सशक्तिकरण करने के लिए हमें संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति करनी है। साथ ही हर शक्ति केंद्र में प्रभारी नियुक्त करने होंगे जिससे वह उस मंडल की मॉनीटरिंग कर सके। अनूप यादव ने बताया कि हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को डेली एक योजना फेसबुक या व्हाट्सएप या किसी अन्य साधन से लोगों तक जरूर पहुंचानी चाहिए कार्यसमिति की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा बांकीमोंगरा मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा ने बतया भाजयुमो के इस प्रशिक्षण वर्ग में 50 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। युवा मोर्चा 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से मंडल सशक्तिकरण अभियान चलाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियां एवं प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना, पीएमजीएसवाई, 3100 में धान का समर्थन मूल्य सहित अन्य योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल सिंह, धीरेन्द्र मानिकपुरी, अश्वनी मिश्रा, हेम सिंह ,सुंदर बंजारे, आदित्य चौधरी ,आशीष साहू, निखिल सिंगोटिया, राजू पटेल, नवल किशोर ,रामकुमार यादव, विजय साहू ,जितेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## राइस मिलर एसोसिएशन ने उद्योग मंत्री कोअपनी समस्याओं से कराया अवगत



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

। राइस मिलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष शिवकुमार वैष्णव के नेतृत्व में उद्योग ,श्रम एवं वाणिज्यिक कर मंत्री लखनलाल देवांगन से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। संघ के पदाधिकारियों ने राइस मिलरों के भुगतान ,चावल के भंडारण हेतु गोदाम की कमी जैसी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर श्री देवांगन ने त्वरित एवं सार्थक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राइस मिलर एसोसियेशन कोरबा संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल ,अध्यक्ष शिव कुमार वैष्णव, उपाध्यक्ष गोविंद मोदी , कोषाध्यक्ष विकास बंसल, सचिव अमित अग्रवाल, सदस्य श्यामलाल गोयल, दीपक अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, रिंकुअग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रिंस जायसवाल ,कृष्णकुमार अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विकास अग्रवाल, बबलू जसवाल आदि उपस्थित थे।

## डॉ. मनीषा सिंह ने स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा की लब्ध प्रतिष्ठित पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि बच्चों को स्वर्ण प्राशन संस्कार कराने से उन्हें बीमारी से लड़ने की क्षमता का विकास होता है। हर माह के पुष्य नक्षत्र में हर बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराने की अपील डॉ. सिंह ने किया और उन्होंने अपनी क्लीनिक में बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया।

### पीसीसी चीफ दीपक बैज का भाजपा पर बड़ा आरोप

# जंगल काट आदिवासियों को बेदखल कर रही भाजपा सरकार

**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से सरगुजा के हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई का मुद्दा गर्माने लगा है। बीते 5 सालों तक हसदेव के जंगल को नुकसान पहुंचाने के आरोप कांग्रेस सरकार पर लगते रहे,लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद भी यह विरोध जारी है। सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस ने भी आंदोलकारियों के साथ अपना विरोध शुरू कर दिया है। रविवार को छत्तीसगढ़ पीसीसी चीफ दीपक बैज हसदेव अरण्य क्षेत्र के दौरे पर जाते वक्त कटघोरा में युवक कांग्रेस कोरबा ग्रामीण, शहर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा पूर्व कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर तथा रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया ने पीसीसी चीफ दीपक बैज का कटघोरा नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया। दीपक बैज ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया।



कटघोरा में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मीडिया से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पर का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि हसदेव अरण्य क्षेत्र का जंगल काट आदिवासियों को बेदखल कर रही है भाजपा सरकार। आज हम हसदेव अरण्य क्षेत्र के दौरे पर जा रहे हैं जहां आदिवासियों, ग्रामीणों व प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानेंगे। जिस तरह तरह भाजपा सरकार जंगलों की कटाई कर वहां की जमीन एक उद्योगपति को दे रही है, जिसे लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में जमकर लोगों में आक्रोश है। जाँच कमेटी में टी एस सिंहदेव का नाम न होने पर उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव इसके पूर्व में भी वे यहां जा चुके है। उन्होंने कहा कि अब दूसरों को मौका मिलना चाहिए। निष्कासित पूर्व विधायकों पर कहा कि पार्टी ने अनुशासनहीनता पर कार्यवाही की है। आने वाले समय में यदि वे ठीक रहेंगे तो कोई बात नहीं फिलहाल लोकसभा तक वापसी नहीं, पूर्व राजस्व मंत्री के मामले में कहा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

उन्होंने कहा भाजपा केवल राम के नाम पर चुनाव जीतना चाहती है

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, सिर्फ राम के नाम पर चुनाव लड़ना जानती है, देश की जनता जान रही है। क्या भगवान राम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के हैं, भगवान राम सबके है ,सबकी आस्था है। भारतीय जनता पार्टी पहले की तरह केवल राम के नाम से चुनाव जीतना चाहती है।

पीसीसी चीफ दीपक बैज के स्वागत में कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, नगर पालिका के अध्यक्ष रतन मित्तल, राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत मिश्रा, तनवीर अहमद, जिला कांग्रेस ग्रामीण सचिव सुरेश गुप्ता, पाली ब्लाक अध्यक्ष यशवंतलाल, युवक कांग्रेस कोरबा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विकास सिंह, प्रदेश महासचिव आकाश शर्मा, कटघोरा शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखनपाल, उपाध्यक्ष अरमान सिद्दीकी, पाली तानाखार विधानसभा उपाध्यक्ष उद्धव चंद्रा, आशुतोष शर्मा, शाहै आलम, जिला महिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की अध्यक्ष भावना जायसवाल, सुरेश शर्मा, डॉ शेख इश्तियाक, असफाक अली, अशोक दुबे, हसन अली, पार्षद संजय अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्काउट आंदोलन छात्रों, युवाओं को दे रहा नैतिक शिक्षा- लखनलाल देवांगन



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

रविवार को वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लीडर्स और सर्विस रोवर्स, रेंजर्स तथा प्राचार्यगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गीतांजलि भवन में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि स्काउट आंदोलन के माध्यम से छात्रों, युवाओं को नैतिक शिक्षा मिल रही है और उनका व्यक्तित्व निखर रहा है। स्काउट्स, गाइड्स और इससे जुड़े लोग मानव जाति की सेवा में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न आयोजन होंगे। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स द्वारा भी सेवा कार्य किया जाएगा। लखनलाल देवांगन ने उपस्थित स्काउट गाइड के शिक्षकों से आव्हान किया कि वे स्वयं के साथ छात्रों, युवाओं और संस्था को और आगे बढ़ाने के लिए काम करें। मंत्री ने कहा कि जिला मुख्य आयुक्त द्वारा जिला प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है। जिले में कई भवन रिक्त हैं, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रशिक्षण केन्द के लिए भवन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद शेख ने जिले की गतिविधियों की जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया। स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा दिया गया। मंच पर पार्षद द्वय नरेन्द्र देवांगन, धनश्री, राधे यादव, उमा भारती , प्रफुल्ल तिवारी, जितेन्द्र साहू, विवेक लांडे, संजय गुप्ता मंचासीन रहे। समारोह का संचालन जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल ने किया तथा आभार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर ने व्यक्त।

# जयसिंह अग्रवाल को क्लीन चिट, नोटिस के जवाब से हाई कमान संतुष्ट, कांग्रेस इलेक्शन कमेटी में पूर्व मंत्री अग्रवाल शामिल



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को क्लीन चिट दे दी हैं। यह बात इसलिए कही जा सकती हैं क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बनी महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की 18 सदस्यों वाली टीम में जयसिंह अग्रवाल को भी शामिल किया गया हैं। टीम में प्रदेश के दिग्गज नेता भूपेश बघेल, डॉ चरणदास महंत,दीपक बैज, टीएस सिंहदेव सहित अन्य नेताओं को शामिल किया गया हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी के.सी.वेणुगोपाल ने अपने हस्ताक्षरयुक्त पत्र से इलेक्शन कमेटी की घोषणा की हैं। बता दे कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाने का हवाला देते हुए एक नोटिस पूर्व विधायक एवं प्रदेश में राजस्व मंत्री रहे जयसिंह अग्रवाल को दिया गया था और तीन दिन में उन्हें नोटिस का जवाब देना था। संभवत: उन्होंने समय सीमा के अंदर नोटिस का जवाब दे दिया हो और जवाब से पूरी तरह प्रदेश कांग्रेस संतुष्ट हो, इसी वजह से अग्रवाल को छत्तीसगढ़ कांग्रेस इलेक्शन कमेटी का मेम्बर बनाया गया हैं।

सूत्रों के हवाले से जो जानकारी सामने आई हैं उसके अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी नेताओं ने जयसिंह अग्रवाल को पार्टी से निष्कासित कराने की भरपूर कोशिश की लेकिन उन्हें अपनी मंशा में सफलता इसलिए नहीं मिली क्योंकि कांग्रेस के कतिपय केंद्रीय नेताओं से भी अग्रवाल के तालुकात काफी मधुर हैं।

## बालको के शीतकालीन शिविर से सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को मिला बढ़ावा



**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने परियोजना कनेक्ट के तहत 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और लेखा (सेमा) विषयों के सत्र पर केंद्रित था जिसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक अभ्यास के माध्यम से उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य में करियर चुनाव के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम में कुल 140 छात्रों ने पंजीकृत किया था। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेषज्ञों द्वारा करियर परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया जिससे छात्रों को करियर के विभिन्न क्षेत्रों और उनके महत्व के विषय को जानने में मदद मिली। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया जिसके माध्यम से भविष्य में उन्हें करियर चुनने के विकल्प में मदद मिल सके।

शिविर के माध्यम से छात्रों के भीतर संगठनात्मक और टीम बिल्डिंग कौशल को बढ़ावा दिया गया जो यह सुनिश्चित करती हैं कि वे टीम के वातावरण में बेहतर ढंग से कार्य करें। इसके साथ-साथ अग्नि सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसमें छात्रों को आग की आपात स्थिति के मामले में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए जागरूक किया गया।

गवर्नमेंट स्कूल, गोढ़ी की प्रिंसिपल रिनी दुबे ने कहा कि बालको हमारे छात्रों के लिए सीखने का अनुकूल माहौल बनाने में हमारी मदद कर रहा है जो बेहद सराहनीय है। हमारे छात्र निश्चित रूप से सार्थक कदम का लाभ उठाएंगे और इस क्षेत्र में विकास का नेतृत्व करेंगे। करियर काउंसलिंग सपोर्ट एक बेहतरीन पहल है जो उन्हें अकादमिक और करियर-उन्मुख निर्णय लेने की दिशा में मार्गदर्शन करेगा।

वर्ष 2016 में शुरू किए गए परियोजना 'कनेक्ट' के अंतर्गत नियमित कक्षाएं आयोजित कर, ड्रॉपआउट छात्रों को पढ़ाने और ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन शिविर के माध्यम से सामुदायिक क्षेत्र में शिक्षा को नईं उचांईयों पर पहुंचा रहा है। बालको कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और अकाउंटेंसी (सेमा) में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मदद से छात्रों के ग्रेड में सुधार, शिक्षकों की क्षमता निर्माण और करियर परामर्श के साथ सरकारी स्कूलों में सीखने का शैक्षिक माहौल विकसित करना है। छह सरकारी स्कूलों में परियोजना के माध्यम से सेमा विषयों पर नियमित कक्षाओं से 2500 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।

### गुणवत्तापरक एवं व्यवसायिक शिक्षा से युवा राष्ट्र और प्रदेश को नया आकार देने निभा सकते हैं अपनी अहम भूमिका-राजेश

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारे सामुदायिक विकास प्रयासों में प्रमुख स्तंभ है। गुणवत्तापूर्ण और व्यावसायिक शिक्षा के साथ हमारे युवा छत्तीसगढ़ और भारत के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कंपनी की परियोजनाओं के माध्यम से हमारा लक्ष्य स्थानीय युवाओं के बीच कौशल विकास के अवसरों तथा व्यावसायिक शिक्षा बढ़ावा देना जिससे उन्हें रोजगार योग्य कौशल सीखने के अवसर प्राप्त हों। देश के उत्तरोत्तर विकास में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। हमारे विभिन्न सामुदायिक विकास कार्यक्रम इसी दृष्टिकोण से जुड़े हुए हैं।



### कलेक्टर अजीत वसंत की संवेदना

## बिरहोर युवक जगेश्वर बनेगा अतिथि शिक्षक



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने रविवार पोड़ी उपरोड़ा जनपद के दूरस्थ वनांचल में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम पंचायत कोनकोना के समेलीभांठा बसाहट का दौरा किया। यहां उन्होंने केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पीव्हीटीजी समुदाय को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए बनाई जाती हैं। ग्रामीणों को अपनी आर्थिक विकास हेतु मेहनत करने के साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित हितग्राहियों को आधारभूत दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, वन अधिकार पट्टा, पीएम किसान सम्मान निधि, जन धन खाता, वोटर आईडी जैसे अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युतीकरण, पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी जरूरतें एवं समस्याएं जानी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**पीव्हीटीजी बसाहटों में 12वीं उत्तीर्ण युवाओं का करें सर्वे**

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने समेलीभांठा बसाहट में रहने वाले बिरहोर वर्ग के शिक्षित युवक जगेश्वर को प्राथमिक शाला समेलीभाठा में अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए। इस हेतु ग्राम सभा से अनुमोदन एवं आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी एसडीएम को पीव्हीटीजी बसाहटों में 12वीं उत्तीर्ण युवाओं का सर्वे कराने के निर्देश भी दिए। जिससे उन्हें उनके योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सरोज महिलांगे, जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com